● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 289, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 06 दिसम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



पीएम ने किसान हित में उठाये मजबूत कदम: सैनी 5

राहुल-जायसवाल ही ओपनिंग करेंगे: रोहित 6

## सम्मानित विभूतियाँ उत्कृष्ट कार्यों की ध्वज वाहक : राज्यपाल

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि सम्मानित प्रतिभाएं उत्कृष्ट कार्यों की ध्वज वाहक होती है। उनके उत्कृष्ट कार्य समाज को चुनौतियों का सामना करने का विश्वास और विज़न प्रदान करते है। भावी पीढ़ियां उनके पथ का अनुसरण कर समाज को गतिशील और जीवंत बनाती है। उन्होंने कहा कि समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करना वास्तव में समाज को गौरवान्वित करने, स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्य है। भावी प्रतिभाओं के पथ प्रदर्शन की नैतिक और सामाजिक दोनों दृष्टियों से समाज की जिम्मेदारी है।

राज्यपाल श्री पटेल, प्रेस क्लब भोपाल द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश रत्न अवॉर्ड समारोह को रवीन्द्र भवन में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद जी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।



अतिथियों का तुलसी का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। राज्यपाल श्री पटेल का प्रेस क्लब मध्यप्रदेश के अध्यक्ष श्री नवीन आनंद जोशी ने श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि हम सब देख समझ रहें है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी लोकतांत्रिक संस्था, आर्थिक शक्ति, वैज्ञानिक कौशल, संस्कृति और विविधता का दुनिया ने लोहा माना है, लेकिन मजबूत राष्ट्र निर्माण के प्रयासों में आज भी हमारे समक्ष आतंकवाद, विघटनकारी शक्तियों की चुनौतियां है।

महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और उच्च मानकों के साथ समाज के वंचित वर्गों के लिए न्याय के प्रयासों और विकास के अवसरों को और अधिक विस्तारित करना भी जरूरी है। उन्होंने अपेक्षा की है कि समावेशी विकास के लिए तुलनात्मक रूप से वंचित और पिछड़े क्षेत्रों के समुदायों का हाथ पकड़ कर समाज के मुख्य धारा में शामिल कराने के प्रयासों का दिशा दर्शन सम्मानित विशिष्ट प्रतिभाएं करें। समारोह समाज में सकारात्मकता को बढ़ाने और उत्कृष्ट कार्यों के लिए समाज विशेषकर युवाओं को प्रेरित प्रोत्साहित करने में सफल होने की मंगल कामना की है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सामाजिक सरोकारों में मीडिया की सहभागिता से वह बहुत अधिक प्रसन्न है, जिन प्रतिभाओं के कार्यों से वे अभिभूत है। उन्हें ऐसी प्रतिभाओं को सम्मानित करने का अवसर मिला है। वह स्वयं को सौभाग्यशाली मान रहे है। उन्होंने सामाजिक सरोकारों में मीडिया की सहभागिता की प्रशंसा की। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा यूरोप की यात्रा का उल्लेख करते हुए प्रदेश में बड़ी मात्रा में विदेशी निवेश आने की जानकारी के संदर्भ में कार्यक्रम के दौरान देश भर के विद्वान और विचारकों की मध्यप्रदेश के विकास के संबंध में बौद्धिक और वैचारिक विचारों को साझा किए जाने को प्रदेश की प्रगति और समृद्धि के प्रयासों की गति को और अधिक बढ़ाने में सहयोगी होने की पहल बताया। राज्यपाल श्री पटेल ने कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त वाइस एडमिरल श्री विमल वर्मा, पद्मश्री नृत्य गुरु डॉ. पुरू दाधीच, प्रसिद्ध टीवी एंकर श्री सुमित अवस्थी, वस्त्र उद्योग उद्यमी श्री गौतम कोठारी, फिल्म और नाटक के अभिनेता श्री शरद सक्सेना, शिक्षाविद् डॉ. एस.पी. गौतम, एवरेस्ट विजेता पर्वतारोही श्रीमती ज्योति रात्रे, रंगमंच कलाकार वरिष्ठ अभिनेता श्री राजीव वर्मा और प्रसिद्ध साहित्यकार लेखक डॉ. रमेश निर्मल को मध्यप्रदेश रत्न अवॉर्ड प्रदान किए। राज्यपाल ने मध्यप्रदेश प्रतिभा अवॉर्ड से भारतीय सेना के मेजर अनिकेत चतुर्वेदी, महर्षि विश्वविद्यालय के प्रमुख ब्रह्मचारी गिरीश वर्मा, ब्यूरो चीफ ए.एन.आई. न्यूज एजेंसी श्री संदीप कुमार सिंह, समाज सेवी शिक्षाविद् श्री जय नारायण चौकसे, कार्यकारी वाइस चेयरमैन आईसेक्ट समूह श्री सिद्धार्थ चतुर्वेदी, उद्योगपति रोहित गोविंद सोमानी, समाज सेवी शिक्षाविद् डॉ. डेविश जैन, सीनियर कॉरस्पोंडेंट दैनिक समाचार पत्र, पत्रिका श्री दीपेश अवस्थी, युवा प्रतिभावान लेखक दिव्यांश व्यास और सुश्री मेघा दीक्षित को सम्मानित किया।

## बूंद-बूंद जल बचाने का अभियान प्रशंसनीय: डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री कर्मभूमि से जन्मभूमि सम्बन्धी त्रिपक्षीय बैठक में हुए शामिल

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वर्षा जल को संग्रहित कर भूगर्भ में जल भंडारण क्षमता के विकास के लिए चलाई जा रही 'कर्मभूमि से जन्मभूमि' योजना एक अभिनव पहल है। इस योजना में गुजरात में रहकर व्यापार करने वाले अन्य प्रदेशों के व्यापारियों द्वारा स्वयं के संसाधनों से अपने राज्यों में बोर लगवाने का काम किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के सतना जिले में इस योजनान्तर्गत कार्य आरम्भ हो गया है। प्रसन्नता की बात है कि योजना में पूरे प्रदेश में 15 हजार बोर लगाने का लक्ष्य है। शासकीय संसाधनों के बिना गुजरात व्यापार करने वाले व्यापारियों की भागीदारी से चल रहा बूंद-बूंद जल बचाने का यह अभियान प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को श्रम शक्ति भवन नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सी.आर. पाटिल



और राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के साथ 'कर्मभूमि से जन्मभूमि' कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन पर त्रिपक्षीय बैठक की। योजना के क्रियान्वयन के लिये बैठक में जिला कलेक्टर को नोडल अधिकारी नियुक्त करने, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से योजना को पूरा करने और इसके क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री पाटिल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जलसंचय संकल्प को जन-आंदोलन बनाने के क्रम में 'कर्मभूमि से जन्मभूमि' कार्यक्रम की परिकल्पना की गई है। इसमें गुजरात में रह रहे मध्यप्रदेश, राजस्थान और बिहार के व्यवसायी अपनी जन्म भूमि में जल संचय के उद्देश्य से बोर की व्यवस्था कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इसमें राजस्थान में एक लाख 60 हजार और मध्यप्रदेश में 15 हजार बोर बनवाए जाने है। बिहार राज्य के 10 जिलों में प्रत्येक गांव में 4 बोर बनवाए जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने राज्यों के सहयोग से इस योजना के सफल क्रियान्वयन की आशा व्यक्त की।

## देवेन्द्र फडणवीस ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ

### एकनाथ शिंदे और अजित पवार बने उपमुख्यमंत्री

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजे जारी होने के 12वें दिन आखिरकार राज्य में नई सरकार का गठन हुआ और भाजपा नेता और पिछली सरकार में डिप्टी सीएम रहे देवेंद्र फडणवीस ने राज्य के नए मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। वहीं पिछली सरकार में मुख्यमंत्री रहे शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे नई सरकार में डिप्टी सीएम की भूमिका में होंगे, जबकि शिंदे सरकार में डिप्टी सीएम रहे अजित पवार के पद में कोई बदलाव नहीं हुआ है, उन्होंने एक बार फिर डिप्टी सीएम पद की शपथ ली है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र



मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी और राजनाथ सिंह और कई केंद्रीय मंत्रियों और कई राज्यों के मुख्यमंत्री जिसमें यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, बिहार के सीएम नीतीश कुमार, आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और गोवा के सीएम प्रमोद सावंत समेत राजग शासित कई राज्यों के उप-मुख्यमंत्री भी शामिल हुए। इसके अलावा भाजपा नीत महायुति के हजारों समर्थक शामिल हुए। यह कार्यक्रम विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के करीब दो हफ्ते बाद आजाद मैदान में आयोजित किया गया। महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में एक तरफ जहां राजनेताओं का जमावड़ा लगा था। वहीं दूसरी तरफ से उद्योगपति से लेकर तमाम फिल्मी सितारों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की।

## रामनिवास रावत का वन मंत्री पद से इस्तीफा मंजूर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के वन मंत्री रामनिवास रावत का इस्तीफा राज्यपाल ने मंजूर कर लिया और इसका नोटिफिकेशन सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी कर दिया है। रावत की इस्तीफे की प्रक्रिया उस समय शुरू हुई जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जर्मनी और यूके से 30 नवंबर को लौटे और इसके बाद रावत ने उनसे मुलाकात की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने उनका इस्तीफा राज्यपाल के पास भेजा, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। रावत के इस्तीफे के बाद राज्य सरकार में अगली वन मंत्री की नियुक्ति को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

## झारखंड में हेमंत सोरेन कैबिनेट का शपथग्रहण

### जेएमएम को पांच, कांग्रेस को चार और राजद को एक मंत्री पद

**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार में गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के छह विधायकों समेत 11 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने यहां राजभवन के अशोक उद्यान में मंत्रियों को शपथ दिलाई।

मंत्री पद की शपथ लेने वाले झामुमो के छह विधायक सुदिव्य कुमार, दीपक बिरुआ, रामदास सोरेन, चमरा लिंडा, योगेंद्र प्रसाद और हाफिजुल हसन हैं। कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, इरफान अंसारी और राधाकृष्ण किशोर ने मंत्री पद



की शपथ ली, जबकि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के संजय प्रसाद यादव को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत स्टीफन मरांडी द्वारा विधानसभा के 'प्रोटेम स्पीकर' के रूप में शपथ लेने के साथ हुई। झामुमो नेता हेमंत सोरेन ने 28 नवंबर को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि समय जैसे-जैसे गुजर रहा है, सारी चीजें हो रही है।

अब गति आएगी, हमारी सरकार तेजी से आगे बढ़ेगी। जेएमएम नेता सुदिव्य कुमार ने कहा कि एक विधायक के तौर पर मेरी प्राथमिकता मेरे निर्वाचन क्षेत्र का विकास था, लेकिन अब एक मंत्री के तौर पर मेरी प्राथमिकता मेरे राज्य का विकास होगा। मुझे उम्मीद है कि आने वाले दिनों में हम झारखंड को एक बेहतर और विकसित राज्य के रूप में देखेंगे।

## कृषि क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने में मदद करें: राष्ट्रपति

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरवार को कृषि क्षेत्र के वैज्ञानिकों से ऐसी तकनीक विकसित करने और प्रसारित करने का आह्वान किया, जो कि प्राकृतिक आपदाओं, जलवायु परिवर्तन के भयानक प्रभावों और संसाधनों के अत्याधिक दोहन की समस्याओं से निपटने में मदद करे। राष्ट्रपति ने यह टिप्पणी ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 40वें दीक्षांत समारोह में संबोधन के दौरान की। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों से अपील की कि वह आगे आकर मृदा, पानी और पर्यावरण को जलवायु परिवर्तन से बचाने के लिए नए विचार लाएं।

## बांग्लादेशी हिंदुओं का उत्पीड़न रोकने को तत्काल कदम उठाए सरकार

### जामा मस्जिद के शाही इमाम की अपील

**नई दिल्ली।** दिल्ली की जामा मस्जिद के शाही इमाम सईद अहमद बुखारी ने बांग्लादेश में मारे जा रहे हिंदुओं के लिए आवाज उठाई है। उन्होंने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख से अपील की है कि वे हिंदुओं की रक्षा के लिए तत्काल हर संभव कदम उठाएं। उन्होंने हिंदुओं के उत्पीड़न की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि अल्पसंख्यक हिंदुओं का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। बांग्लादेश के निर्माण में भारत की अहम भूमिका का उल्लेख करते हुए बुखारी ने कहा है कि भारत बांग्लादेश के लिए हमेशा से एक बेहतर पड़ोसी साबित हुआ है। उसके निर्माण से लेकर उसके पीड़ितों को स्थान देने के लिए भी भारत ने हमेशा से अपने दरवाजे खुले रखे हैं। साझी संस्कृति के कारण दोनों देशों के बीच हमेशा से परस्पर बेहतर और मधुर संबंध रहे हैं।

## पुलिस और पब्लिक के बीच हिंसक झड़प

### लोगों ने एनएच पर जमकर बवाल किया, पथराव के बाद हुआ लाठीचार्ज

सुपौल। सुपौल के त्रिवेणीगंज में गुरुवार को पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच हिंसक झड़प की घटना सामने आई है। घटना में दोनों ओर से पत्थरबाजी हुई और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इस दौरान कई लोगों के घायल होने की सूचना है। मामले में पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। उपद्रव के कारण का पता लगाया जा रहा है। दरअसल, घटना तब शुरू हुई जब गुरुवार की सुबह 100 से



अधिक लोग लाठी-डंडों से लैस होकर त्रिवेणीगंज थाना पहुंचे। किसी विवाद को लेकर नाराज स्थानीय लोग पुलिस पर दबाव बनाने आए थे। लेकिन भीड़ को देखते हुए पुलिस ने लोगों को थाने में ही रोकने की कोशिश की। इस बीच पुलिस और पब्लिक में नोंकझोंक होने लगी। कुछ देर बाद लोगों की भीड़ वहां से निकल कर बाजार क्षेत्र में दुर्गा मंदिर के पास पहूंच गई और सड़क जाम करने लगी। सड़क जाम के कारण स्थिति और तनावपूर्ण हो गई। इसी दौरान जदिया थाना पुलिस की एक टीम किसी काम से त्रिवेणीगंज आ रही थी। लेकिन, त्रिवेणीगंज बाजार में जाम देखने के बाद पुलिस गाड़ी में सवार जदिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार और पुलिस बल उतरकर पैदल ही त्रिवेणीगंज थाना की ओर जाने लगे।

## अदाणी पर विपक्ष के प्रदर्शन पर रवि किशन का तंज

**नई दिल्ली।** अदाणी मामले पर विपक्ष लगातार संसद में चर्चा की मांग कर रहा है। साथ ही संसद परिसर में विपक्षी पार्टियों द्वारा विरोध प्रदर्शन भी किया जा रहा है। गुरुवार को भी राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। जब इसे लेकर भाजपा सांसद रवि किशन से सवाल किया गया तो उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि ये कितना भी विरोध प्रदर्शन कर लें, लेकिन इससे कुछ नहीं होगा। ये लोग लगातार चुनाव हार रहे हैं और उसकी की पीड़ा झलक रही है। भाजपा सांसद रवि किशन ने कहा कि ये लोग इसी सदन पर उल्टा लटक जाएं, पेड़ पर लटक जाएं।

इससे कुछ नहीं होगा। हरियाणा हार चुके हैं, महाराष्ट्र ऐतिहासिक हारे हैं। इसी तरह हर जगह हारते जाएंगे। ये हार की पीड़ा है। हम तो चाह रहे हैं कि ये लोग यहां नाचें, तांडव करें, लेकिन चुनाव हारते जाएं।

## शिंदे युग समाप्त, अब वे कभी भी सीएम नहीं बनेंगे: राउत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में नए मुख्यमंत्री को लेकर जारी सस्पेंस से पर्दा उठ चुका है। भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। महायुति गठबंधन (भाजपा, शिवसेना, राकांपा) द्वारा फडणवीस को सीएम चुने जाने पर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि शिंदे युग समाप्त हो गया। वह अब कभी भी सीएम नहीं बनेंगे। संजय राउत ने यह बयान देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा और निवर्तमान सीएम एकनाथ शिंदे को उपमुख्यमंत्री पद की पेशकश के बाद दी। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने दावा किया कि भाजपा ने शिंदे का इस्तेमाल किया और अब उन्हें किनारे कर दिया गया।

## सुप्रीम कोर्ट ने हटाया ग्रैप-4, अब ग्रैप-2 और 3 के प्रावधान होंगे लागू

**नई दिल्ली।** पिछले कई महीने से खतरनाक स्तर पर चल रही दिल्ली एनसीआर की आबोहवा सुधरने लगी है। इसके चलते सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में लागू किए गए ग्रैप 4 को हटाने की अनुमति दी है। सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से कहा कि वह ग्रैप 2 लागू करे। साथ ही इसमें ग्रैप 3 में कुछ उपायों को जोड़ने पर भी विचार करे। 18 नवंबर को शीर्ष अदालत ने सभी दिल्ली-एनसीआर राज्यों को प्रदूषण विरोधी ग्रैप- 4 प्रतिबंधों को सख्ती से लागू करने के लिए तुरंत टीमें गठित करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने साफ किया था कि प्रतिबंध अगले आदेश तक जारी रहेंगे। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सीएक्यूएम को ग्रैप चरण-दो प्रतिबंधों में ग्रैप-तीन के कुछ अतिरिक्त उपाय शामिल करने का सुझाव दिया। पीठ ने बताया कि यदि वायु गुणवत्ता सूचकांक 350 अंक को पार कर गया तो चरण तीन प्रतिबंध लागू किए जाएंगे और यदि एक्यूआई 400 को पार कर गया तो चरण-चार प्रतिबंध लागू किए जाएंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि पिछले चार दिन में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में एक्यूआई का स्तर 300 से अधिक नहीं हुआ है। राजधानी में हवा की दिशा बदलने और गति तेज होने से वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में पहुंच गई है।

## हम पारदर्शी हैं, समय-सीमा को लेकर प्रतिबद्ध : गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा में अपने मंत्रालय से जुड़े कार्यों और सदस्यों के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान गडकरी ने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर रोष जाहिर किया। इतना ही नहीं, उन्होंने सड़क परियोजनाओं में कॉन्ट्रैक्टर्स की लापरवाही से लेकर टोल केंद्रों की संख्या को लेकर भी जवाब दिया।

दरअसल, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के सांसद हनुमान बेनीवाल ने लोकसभा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे की खामिया गिनाईं थीं और 150 से ज्यादा लोगों की मौत की बात कही थी। नागौर से सांसद ने बताया था कि अकेले दौसा में ही 50 से ज्यादा लोगों की मौतें हुई हैं। उन्होंने एक्सप्रेस-वे पर लगाए गए ठेकेदारों और अफसरों पर कार्रवाई और जांच रिपोर्ट को लेकर केंद्रीय मंत्री से जानकारी मांगी थी। इस पर गडकरी ने कहा, यह देश का सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे है और वैश्विक स्तर पर सबसे कम समय में बनाया गया है। इसकी कीमत एक लाख करोड़ रुपये है। केंद्रीय मंत्री ने अपने जवाब में कहा कि लेयर में फर्क आया है, लेकिन मैटेरियल में बदमाशी नहीं हुई है। कुछ जगह पर लेयर जरूर दब गई है, जिसका पता चला। हमने इसको सुधारने के लिए कहा था, जिसे सुधारा गया है। जहां लेयर में फर्क आया है, उसके लिए 4 ठेकेदारों को हमने जिम्मेदार ठहराया और उनको नोटिस देकर कड़ी कार्रवाई करेंगे। जो अधिकारी हैं, उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

गडकरी ने कहा, अगर ऐसे क्वालिटी से जुड़ा खराब काम कॉन्ट्रैक्टर करता है तो वो छह महीने तक कोई टेंडर नहीं भर सकेगा। ऐसी नीति हमने बनाई है और अधिकारी जो हैं, उनको भी विशेष रूप से इसमें कार्रवाई कर के नौकरी से सस्पेंड करेंगे। पीएम मोदी के नेतृत्व में मेरे विभाग ने 50 लाख करोड़ के कार्य किए हैं।

किसी भी कॉन्ट्रैक्टर को अपने कॉन्ट्रैक्ट के लिए मंत्रालय नहीं आना पड़ा। हम पारदर्शी हैं, समय सीमा को लेकर प्रतिबद्ध हैं और नतीजे चाहते हैं। मैं सार्वजनिक सभा में कह चुका हूं कि अगर कॉन्ट्रैक्टर काम नहीं करेगा तो बुलडोजर के नीचे उसको डलवा देंगे, याद रखना। इस साल देखो कॉन्ट्रैक्टर को कैसे ब्लैक लिस्ट करवाते हैं। इनको बिल्कुल ठोक पीट कर सीधा कर देंगे। हम किसी के साथ कॉम्प्रोमाइज नहीं करते हैं।

गडकरी ने लोकसभा में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि तमाम कोशिशों के बावजूद देश में सड़क हादसों की वजह से एक साल के अंदर 1.68 लाख लोगों की मौत हुई है। इन दुर्घटनाओं में मरने वालों में 60 फीसदी युवा थे। उन्होंने सदन में कहा कि यह स्थिति दुखद है और इसे रोकने के लिए समाज को सहयोग करना होगा।

गडकरी ने कहा, "दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि कोशिश करने के बावजूद एक साल में 1.68 लाख मौत हुई हैं। ये लोग दंगों में नहीं, सड़क हादसों में मारे गए।" उन्होंने कहा कि मरने वालों में 60 फीसदी लड़के-लड़कियां थे। उन्होंने कहा, "जब मैं महाराष्ट्र (विधान परिषद) में नेता प्रतिपक्ष था तो सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था और मेरी चार जगह हड्डी टूट गई थी। मैं इस स्थिति को समझता हूं।" मंत्री ने सांसदों से अपील की कि वे भी सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बढ़चढ़कर सहयोग करें।

# बैढ़न में कबाड़ का कारोबार जोरों पर

## कबाड़ी बिना किसी परमिशन के ट्रक में कबाड़ लोड कर लें जा रहे यूपी

**सिंगरौली।** कोयला,कबाड़ और डीजल के लिए ऊर्जाधानी लंबे समय से बदनाम रहा है। यहां के औद्योगिक कंपनियों में कबाड़ियों की गिद्ध की नजर रहती है और मौका मिलते ही चोरी की घटनाओं को अंजाम दे देते हैं। इन दिनों कोतवाली क्षेत्र में कबाड़ चोरी और बिक्री का कारोबार जोरों पर है। यहां बिना परमिशन के करीब आधा दर्जन कबाड़ की दुकानें संचालित है जो दिन-रात बिना किसी रसीद दिए खरीदी और बिक्री करते हैं। ऐसा ही एक नजारा आज कोतवाली थाना क्षेत्र के तेलाई मोड़ स्थिति कबाड़ी के यहां देखने को मिला। जहां कबाड़ी बिना किसी परमिशन के ट्रक में अवैध कबाड़ लोड कर रहा था।

सूत्रो कि माने तो तेलाई मोड़ स्थित बिना परमिशन के कबाड़ दुकान संचालित है। जहा बीते वुधवार की दोपहर कबाड़ी ट्रक क्रमांक एचआर 55 ए सी 3386 में कई घंटे तक अवैध कबाड़ लोड करते रहे। लेकिन कोतवाली क्षेत्र के बीट प्रभारी कहीं नजर नहीं आए। वहीं सड़क से लगे कबाड़ गोदाम में कई घंटे तक बेफिक्र होकर ट्रक को कबाड़ से लोड करते रहे। शाम होते ही कबाड़ी लाखों का कबाड़ लोड करके गायब हो गया। सूत्रों की माने तो कबाड़ी चोरी का सामान कूलर, पंखा, और निर्माणाधीन मकानों के सेंटरिंग, दरवाजा, खिड़की औद्योगिक कंपनियो के महंगे पाट्र्स को बिना कोई रसीद के कम दामों में खरीदते हैं। कबाड़ी इन सामानों को तोड़कर ट्रैकों के जरिए उत्तर प्रदेश ले जाकर ऊंचे दामों में बेच देते हैं। सूत्रों की माने तो पुलिस इन कबाड़ियों हर महीने अवैध वसूली कर इन्हें खुली छूट दे रखी है यही वजह है कि यह कबाड़ी हर हफ्ते ट्रैकों में लाखों का कबाड़ भरकर उत्तर प्रदेश पहुंचा रहे हैं।



### पुलिस लाईन रोड में ठीहा, दिखावे में गत्ते का काम

हैरानी इस बात की है कि यह कबाड़ दुकान पुलिस लाइन रोड में संचालित है। यहां से अधिकारी से लेकर सिपाहियों का आना जाना है लेकिन इन्हें कबाड़ी नजर नहीं आता। जबकि कबाड़ कारोबारी बड़े स्तर पर काम कर रहा हैं। दिखावे और पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए गत्ते का काम किया जा रहा है। जबकि यहां लोहे और कबाड़ का काम चल रहा है। इसके बावजूद पुलिस यहां प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रही है।

### इनका कहना है

*आपके द्वारा अवैध कबाड़ दुकान संचालित होंने की जानकारी मिली है, एएसपी से बात करके कार्रवाई करबाता हूं।*

**मनीष खत्री, एसपी, सिंगरौली**

## कलेक्टर के निर्देश पर 6 वी के छात्र के साथ क्रूरता पूर्वक व्यवहार करने वाला टीजीटी शिक्षक हुआ निलंबित

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के संज्ञान में जैसे ही इस आशय की जानकारी मिली कि नवोदय विद्यायल पचौर में अध्यायन कक्षा 6 वी के छात्र के साथ पठन पाठन के दौरान विद्यालय के टीजीटी शिक्षक सैयद गाजी के द्वारा छात्र के साथ क्रूरता पूर्वक व्यावहार कर उसके बालो को उखाड़ा गया उसके बालो को उखाड़ गया है। शिक्षक के उक्त कृत्य को गंभीरता से लेकर उसके निलंबन तथा दण्डात्मक कार्यवाही के लिए उपायुक्त नवोदय विद्यालय समिति क्षेत्रिय कार्यालय भोपाल को प्रतिवेदन भेजा गया था। जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुयें शिक्षक सैयाद गाजी को निलंबित कर नवोदय विद्यालय में भिण्ड अटैच किया गया है।

## 1 जनवरी 2025 से जिले के सभी बैको में नई समय सारण होगी लागू

**सिंगरौली।** एलडीएम रंजीत कुमार ने अवगत कराते हुये बताया है कि एसएलबीसी बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया है कि 1 जनवरी 2025 से जिले के सभी बैकों में नवीन समय सारण लागू की जायेगी।

# विधायक एवं कलेक्टर ने किया संयुक्त रूप से धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

## किसानों के साथ केंद्रों में उपलब्ध गुड़ पानी का स्वयं खाकर लिया आनंद

**सिंगरौली।** सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह एवं कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के द्वारा धान उपार्जन केंद्रों में किसानों के द्वारा की जा रही धान बिक्री काऔचाक निरीक्षण किया गया। विधायक एवं कलेक्टर ने धान उपार्जन केंद्र कचनी पहुंच कर किसानों से उनके धान की बिक्री के साथ साथ उपलब्ध करवाए जाने वाली पर्ची आदि के संबंध में जिनकारी ली। वही किसानों के साथ सामूहिक रूप से केंद्रों में उपलब्ध गुड़ पानी का खाकर आनंद लिया । इस दौरान केंद्रों में प्रदाय की जानी वाली पर्ची के साथ साथ मशीन के माध्यम से धान के नमूने का भी किया निरीक्षण । साथ ही खरीद जा रही धान का भी निरीक्षण किया गया । तथा खरीदी केंद्रों उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि किसानों को केंद्रों पर किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो । इनके द्वारा लाई गई धनों का वजन (तौल) किया जैसे साथ ही शासन द्वारा गुदवाता का भी ध्यान दिया जाए।



वहीं सब्जी मंडी बैढ़न में स्थापित धान खरीदी केंद्र का भी अवलोकन किया गया । केंद्र में साफ सफाई की उचित व्यवस्था न होने पर विधायक एवं कलेक्टर के द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा कलेक्टर ने सचिव को निर्देश दिए कि मंडी की नियमित सफाई करवाया जाए वहीं धान उपार्जन केंद्र में तैनात समिति के सदस्यों को भी किसानों के बैठक एवं पेयजल की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडे, उपयुक्त सहकारिता पी के मिश्रा आदि उपस्थित रहे ।

# सिंगरौली की टीम ने मैहर को एक पारी 34 रनो से दी शिकस्त

## गेंद बाजी में प्रमोद एवं पुण्यांशु ने दिखाया कमाल, अनमोल ने खेली अर्ध शतकीय पारी

**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देशानुसार एवं रीवा डिविजनल क्रिकेट एसोसिएशन के आयोजन में खेली जा रही स्वर्गीय प्रफुल्ल शर्मा की स्मृति में बॉयज अंडर 15 अंतरजिला क्रिकेट प्रतियोगिता का तीन दिवसीय फाइनल मैच 3 से 5 दिसम्बर तक सिंगरौली एवं मैहर के बीच रीवा के एमपीसीए ग्राउंड में खेला गया । जिसमें सिंगरौली ने मैहर को पारी और 34 रनों से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया । फाइनल मैच में बल्लेबाजी करते हुए मैहर की टीम ने पहली पारी में सिर्फ 68 ही बना सकी। पहली पारी के जवाब में सिंगरौली ने बल्लेबाजी करते हुए 180 रन बनाकर 112 की बढ़त हासिल की सिंगरौली के बल्लेबाज अनमोल सिंह ने 55 रन बनाएं। दूसरी पारी में मैहर के बल्लेबाज सिंगरौली के गेंदबाज़ी के सामने टिक नहीं सकी और 78 रन ही बना सकी । सिंगरौली के गेंदबाजों से पूरे मैच में शानदार गेंदबाज़ी देखने को मिली दोनों परियों को मिलाकर प्रमोद सिंह ने 5 विकेट, पुण्यांशु दुबे 5 विकेट, और अभिनव सोनी ने 3 विकेट हासिल किए। सिंगरौली ने प्रतियोगिता के अपने पहले मैच में मऊगंज की टीम को 67 रन से हराया और दूसरे मैच में रीवा की टीम को पहले पारी के बढ़त के आधार पर हराकर फाइनल में प्रवेश किया । सिंगरौली टीम के विजेता बनने में टीम कोच बीकिरण का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विजेता का खिताब जीतने पर सिंगरौली जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शीर्ष कांत देव सिंह, उपाध्यक्ष संतोष जायसवाल ,सचिव पुरूषोत्तम सिंह चयन समिति एवं समस्त सदस्यों के द्वारा खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी गई।



## सरई नगर परिषद में चल रहा डीजल, पेट्रोल व पर्ची का खेल

**सिंगरौली।** सरई नगर परिषद् में पेट्रोल और डीजल चोरी का खेल रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पेट्रोल पंपों से डीजल और पेट्रोल लेने के बाद किए गए भुगतान की राशि ही पेट्रोल पंपों पर चल रहे खेल की कहानी उजागर कर रही है।सरई नगर परिषद् के वाहनों में हर महीने लाखों रुपये का डीजल और पेट्रोल डाला जाता है। इसके लिए नगर परिषद् के वाहनों को परिषद् से डीजल और पेट्रोल की पर्ची दी जाती है। पर्ची में चल रहा खेल जबकि इसके पीछे असली खेल कुछ और है।वाहन चालकों को पर्ची के बदले नगद भुगतान किया जाता है। पार्षद के द्वारा जवाब मांगा गया था कि किन-किन गाड़ियों ने कितना डीजल लिया हैं। लेकिन अधिकारियों द्वारा बात को गोलमोल घुमा दिया गया। पेट्रोल पंपों को लाखों रुपये का भुगतान किया गया है। इससे साफ है कि डीजल और पेट्रोल पंप के नाम पर वारे-न्यारे किए जा रहे हैं।

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत जिले की 48 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त घोषित

## विधायक एवं कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र देकर संबंधित पंचायतो के सरपंचो को किया सम्मानित

**सिंगरौली।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सिंगरौली जिलें की 48 ग्राम पंचायतो को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसुमिरन गुप्ता के गरिमामय उपस्थित में संबंधित पंचायत के सरपंचो को बधाई देते हुये प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुयें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा टीवी मुक्त ग्राम पंचायत के बारे में जानकारी देते हुए बताया की 2023 में जिला सिंगरौली अंतर्गत 48 ग्राम पंचायत को टीवी मुक्त ग्राम पंचायत हेतु चिन्हित किया गया है। जिनमें से जो ग्राम पंचायत ने टीवी मुक्त ग्राम पंचायत के 6 इंडिकेटर को पूरा किया है, वही ग्राम पंचायत चिन्हित हुई है। इस अवसर पर कलेक्टर द्वारा चयनित पंचायत को बधाई देते हुए कहा कि गांव में संभावित टीवी रोगियों की अनिवार्य रूप से जांच कराने तथा प्रयास करें कि इस वर्ष भी वह ग्राम पंचायत टीवी मुक्त हो। मुख्य अतिथि विधायक सिंगरौली द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि यह एक संक्रामक बीमारी है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलती है जिसमें समाज के सभी वर्गों की भूमिका अनिवार्य है, विशेष तौर पर पंचायत की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने यह भी कहा कि टीवी के बारे में गांव के लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें ताकि वह इस रोग से बच सके। सम्मान स्वरूप ग्राम पंचायत के सरपंच को गांधी जी की प्रतिमा एवं टीवी मुक्त ग्राम पंचायत के सर्टिफिकेट के साथ सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में स्वास्थ्य विभाग से जिला छह अधिकारी डॉक्टर विशेष सिंह जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुधांशु मिश्रा मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पंकज सिंह जिला छय केंद्र से अभिषेक शाह मृगेंद्र सिंह सभी ब्लॉक के एसटीएस एसटीएलएस पीरामल फाउंडेशन से तुलसी कुशवाहा अंजना यादव, पार्षद सीमा जयसवाल, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी, वरिष्ठ समाजसेवी सुन्दर शाह, आशा यादव सहित संबंधित पंचायतो के सरपंच उपस्थित रहे।



# वॉर्ड नम्बर 38 में सड़क निर्माण के डामरीकरण का हुआ भूमि पूजन



**सिंगरौली।** नगर निगम के वॉर्ड न 38 तुलसी ढोटी में आज गुरुवार को दिलीप शाह के घर से पूर्व पार्षद श्री मती सुनीता लक्ष्मी शाह के घर तक डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य लागत 34.38 लाख रुपए का भूमि पूजन सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, महापौर रानी अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि निगम अध्यक्ष देवेश पांडे , अध्यक्षता वॉर्ड 38 तुलसी पार्षद अनिल कुमार वैश्य एवं अपीलीय समिति सदस्य नगर पालिक निगम सिंगरौली द्वारा भूमि पूजन सम्पन्न किया गया। इस अवसर एड अवनीश कुमार दूबे,पार्षद राम गोपाल पाल, रामनरेश शाह, एड सवाई लाल वैस, एड लक्ष्मी शाह, कोलेश्वर, राजेंद शाह वॉर्ड न 38 तुलसी जनता जनार्दन उपस्थित रहे।

# यातायात नियमो को लेकर सेंट जोसेफ विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सिंगरौली।** मनीष खत्री पुलिस अधीक्षक के मार्गदशन एवं शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिगरौली एंव पीएस परस्ते सीएसपी विन्ध्यनगर के निर्देशन में जगह-जगह जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम, एवं यातायात नियमों की जागरुकता हेतु लगातार यातायात प्रर्वतन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तारतम्य में आज 5 दिसम्बर को थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक विद्यावारिधि तिवारी के द्वारा सडक परिवहन एव राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सडक दुर्घटनाओ में गंभीर रूप से घायल व्यक्तिओ को (गोल्डन अवर) अर्थात दुर्घटना घटित होने के एक घंटे के भीतर गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल,ट्रामा केयर सेंटर पहुंचा कर जान बचाने के लिए प्रोत्साहन अवार्ड हेतु गुड सेमेरिटन योजना बनायी गई है, गंभीर रूप से घायल व्यक्ति अर्थात बडी शल्य चिकित्सा या तीन दिन से अधिक अस्पताल में भर्ती होना, ब्रेन इनजुरी, रीढ की हड्डी मे इनजुरी होना शामिल है.सेंट जोसेफ स्कूल बैढन में जागरूकता कार्यक्रम गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर आमजनता के बीच किया गया। उत्कृष्ठ विद्यालय बैढन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे लगभग 500 छात्र-छात्राओ को योजना से संबधित जानकारी दी गई साथ ही दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने एवं पीछे बैठने वालों को भी हेलमेट लगाने हेतु वताया गया, चार पहिया वाहनों में सीटबेल्ट लगाने हेतु वताया गया, वाहनों को निर्धारित गतिसीमा से अधिक न चलायें, शराब पीकर वाहन को न चलायें, यातायात नियमों का पालन किए जाने की शपथ दिलाई गई।सराहनीय भूमिका निरीक्षक विद्यावारिधि तिवारी, थाना प्रभारी यातायात यातायात स्टाफ सउनि शिवेन्द्र प्रआर उमेश बागरी आर प्रवेश तिवारी एंव अन्य समस्त यातायात स्टॉप की सराहनीय योगदान रहा।




# शिकायत के बाद हटाए गए मुहेर पटवारी, प्रदीप तिवारी को सौंपा गया प्रभार

**सिंगरौली।** नगरी तहसील अंतर्गत आने वाले हल्का घरौंली कला - 3 वार्ड क्रमांक एक मुहेर के चर्चित पटवारी रामलाल प्रजापति को उपखंड अधिकारी ने हटाने का आदेश जारी किया है। उनके स्थान पर अब प्रदीप तिवारी को प्रभार सौंपा गया है। यह आदेश शिकायत मिलने के बाद जारी हुआ है। चर्चा है कि पटवारी रामलाल प्रजापति पूर्व में देवसर तहसील में रेलवे के मुआवजे को लेकर सुर्खियों में थे इसके बाद से ही अधिकारियों को लगातार पटवारी के खिलाफ शिकायत मिल रही थी। संभवतः यही वजह रही की मुहेर के का पटवारी बने हुए महज एक महीने के भीतर ही रामलाल प्रजापति को हटा दिया गया है। सूत्रों की माने तो रामलाल प्रजापति रेलवे मुआवजा बनाने में जमकर अनियमितता किए हैं और अपने सगे संबंधियों को लाभ पहुंचाया है। जिसकी शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों तक भी पहुंची थी जिसके बाद से उन्हें देवसर से हटाया गया था।

# सिंगरौली विधायक ने किया दीदी कैफे का शुभारंभ

**सिंगरौली।** आजीविका दीदी कैफे का उद्घाटन सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह के कर कमलों से हुआ इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में सिंगरौली कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेंय भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता के गरिमामय उपस्थित में किया गया।

इस कैफे की विशेषता यह है कि यह कैफे हमारे पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सपने पर आधारित है इस कैफे में कोदो की खीर और रागी का समोसा मुख्य स्वाद एवं आकर्षण का केंद्र हैं।मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आजीविका दीदी कैफे का शुभारंभ किया गया जिसमें नवदुर्गा स्व सहायता समूह के माध्यम से आजीविका दीदी कैफे का संचालन किया जाएगा जिसमें खान-पान के साथ-साथ कोदो कुटकी के व्यंजन नाश्ता एवं चाय कॉफी के साथ-साथ विभिन्न विभागों में फोन के माध्यम से सुविधा प्रदान की जाएगी। नवदुर्गा स्व सहायता समूह में 14 महिलाएं जुड़ी हुई हैं जो कि खानपान से संबंधित कार्य कर रही हैं जिसका संचालन आजीविका मिशन द्वारा किया जा रहा हैआजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक द्वारा बताया गया कि स्व सहायता समूह द्वारा प्रतिमाह एक से डेढ़ लाख रुपए की बिक्री टिफिन सेंटर एवं खान-पान के माध्यम से किया जा रहा है आजीविका दीदी के संचालन होने से उनकी आमदनी और अधिक बढ़ पाएगी समूह में 14 महिलाएं हैं जो कि किसी न किसी कार्य में लगी हुई हैं कुछ खान-पान का कार्य करती हैं कुछ सप्लाई का काम करती हैं और कुछ संचालन का कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर पार्षद सीमा जयसवाल,वरिष्ट समाजसेवी सुन्दर लाल शाह, आशा अरूण यादव, ज्योति बर्मा, मंगलेश्वर सिंह, छबिलाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



# विधायक एवं कलेक्टर पहुंचे मार्कफेड गोदाम कचनी, किसानों से हुए रूबरू

## किसानों ने कहा सुगमता से एवं निर्धारित दर पर मिल रही है खाद

**सिंगरौली।** विधानसभा के विधायक राम निवास शाह एवं कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के द्वारा संयुक्त रूप से मार्कफेड गोदाम कचनी पहुंच कर गोदाम में किसानों को मिल रही खाद के सम्बन्ध में किसानों से जानकरी ली । उपस्थित किसानों के द्वारा बताया गया कि हम सबको सुगमता के साथ एवं शासन द्वारा निर्धारित दर के अनुसार खाद उपलब्ध हो रही है किसी भी प्रकार की कठिनाई खाद प्राप्त करने में नहीं हो रही है । वहीं मार्कफेड के वितरण प्रभारी के द्वारा बताया गया कि चार काउंटर निर्धारित कर किसानों को खाद उपलब्ध कराया जा रहे है साथ ही महिलाओं के लिए अलग से काउंटर बबनाया गया है ।

भ्रमण के दौरान काउंटरों एवं गोदाम का अवलोकन भी विधायक एवं कलेक्टर ने किया । तथा खाद भंडारण के बारे में जानकारी ली गई जिसके संबंध में उप संचालक कृषि आशीष पांडे ने बताया कि जिले में खाद का पर्याप्त भंडारण है जिलें में 896 टन एनपीके, 780 टन डीएपी, 2365 टन यूरिया की उपलब्धता हो गयी है एवं 2700 टन डीएपी एवं टीसपी की 01 रैक 01 सप्ताह के अन्दर जिले को प्राप्त हो जायेगी । साथ ही जिले में एन.पी.के. उर्वरक की 1300 टन की नई रैक आ चुकी है। निरीक्षण के दौरान विधायक एवं कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि मार्कफेड केंद्रों की निरंतर निगरानी रखे । मार्कफेड केंद्रों में किसी भी प्रकार से किसानों को खाद उपलब्धता में कठिनाई न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को लिक्विड यूरिया के प्रयोग के बारे में भी प्रोत्साहित करें ताकि अन्नदाता की फसल में बढ़ोतरी हो सके। इस अवसर पर नगर निगम के अध्यक्ष देवेश पांडे, उपयुक्त सहकारिता पी के मिश्रा, सहायक संचालक डॉ. लवकुश सिंह , महेंद्र पांडे आदि उपस्थित रहे ।



# भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत आदेश जारी

## सामाजिक व धार्मिक आयोजनों के दौरान प्रबंधन एवं समुचित सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया आदेश

**सुरक्षा की सम्पूर्ण व्यवस्था आयोजकों द्वारा कराना अनिवार्य होगा**

**सामाजिक व धार्मिक आयोजन के पूर्व उपखण्ड दण्डाधिकारी से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा**

**सीधी।** सचिव मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल द्वारा पत्र दिनांक 04 जुलाई 2024 के माध्यम से विभिन्न सामाजिक व धार्मिक आयोजनों के दौरान प्रबंधन एवं समुचित सुरक्षा व्यवस्था की कार्यवाही हेतु दिशा-निर्देश जारी किया गया है। उक्त पत्र के अनुपालन में विभिन्न सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में कार्यक्रम के दौरान अव्यवस्था, भगदड़ तथा अन्य दुर्घटनाओं की स्थिति निर्मित न हो, को दृष्टिगत रखते हुए, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (1) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश प्रसारित किया गया है।

जारी आदेशानुसार आयोजक द्वारा सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में संभावित भगदड़ को रोकने की समुचित व्यवस्था, आगमन और निर्गम के रास्तों का सुव्यवस्थित बैरिकेटिंग एवं सुचारू रूप से भीड़ पर समुचित नियंत्रण की व्यवस्था किया जाना अनिवार्य होगा। विपरीत दिशा में लोगों के अचानक प्रवाह को रोकने एवं विपरीत दिशाओं में जाती अत्यधिक भीड़ के बीच टकराव रोकने की भी समुचित व्यवस्था करना अनिवार्य होगा। कार्यक्रम स्थल के सभी सकरे प्रवेश एवं निर्गम द्वारों को चिन्हित कर इनसे प्रवेश एवं निर्गम करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या नियत की जाकर पुलिस प्रशासनध्स्थानीय निकाय को अवगत कराना अनिवार्य होगा। श्रद्धालुओं के आने-जाने के लिए, पृथक-पृथक मार्ग निर्धारित किए जाए और यथासंभव महिला-पुरुष के लिए पृथक-पृथक व्यवस्था की जाए। यदि प्रवेश एवं निर्गम हेतु एक ही द्वार हो, तो कार्यक्रम हेतु अस्थाई द्वार बनाना अथवा किसी अन्य व्यवस्था द्वारा खतरे को कम करने का कार्य पूर्व से निर्धारित किया जाना अनिवार्य होगा। आपात स्थिति में भगदड़ रोकने हेतु आपातकालीन द्वार एवं प्रेशर रिलीज प्वाईन्ट पूर्व से ही चिन्हित कर, उसे आपात स्थिति के दौरान खोलने हेतु प्रक्रिया निर्धारित किया जाना आवश्यक होगा। लोगों की सुरक्षा के लिए सी.सी.टी.व्ही कैमरे, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, वॉच टावर की व्यवस्था किया जाना आवश्यक होगा। यातायात प्लान एवं जगह-जगह पर पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था किया जाना अनिवार्य होगा। यदि आयोजन स्थल के पास नदी, नाला आदि हो तो वहाँ सेवादार अथवा पुलिस बल की तैनाती के साथ नाव तथा गोताखोर की व्यवस्था रखी जाये और यदि उसे पार करने के लिए स्थाई पुल न हो तो अस्थाई पुल का निर्माण कराया जाना आवश्यक होगा। उपहार, भोजन, प्रसाद, कंबल आदि के मुफ्त वितरण के दौरान भगदड़ रोकने की समुचित व्यवस्था की जाना एवं अधिक भीड़ होने पर सामग्री के वितरण पर प्रतिबंध लगाना अनिवार्य होगा। कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन यंत्रों को आयोजकों द्वारा लगाया जाना अनिवार्य होगा। आयोजन के दौरान अग्निशमन वाहनों, एम्बुलेंस आदि आपातकालीन वाहनों को व्यवस्थित रूप से रखने हेतु स्थल निर्धारित किया जाना अनिवार्य होगा। कार्यक्रम स्थल पर समुचित बिजली, शुद्ध पेय जल एवं सुलभ शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। विद्युत एवं पानी की व्यवस्था का अचानक तथा लंबे समय तक ठप्प होने की स्थिति में वैकल्पिक साधनों की व्यवस्था यथा जनरेटर, पानी के टैंकर आदि की व्यवस्था किया जाना अनिवार्य होगा। आयोजनों के होने से पूर्व आयोजकों द्वारा प्रति 500 व्यक्तियों की भीड़ पर समुचित सेवादारों का प्रबंध किया जाना आवश्यक होगा, इन सेवादारों को पुलिस प्रशासन भी अपने बल से भी? नियंत्रण एवं भगदड़ रोकथाम हेतु प्रभावी रूप से नियंत्रण की कार्यवाही करेगी। कतिपय अफवाह जैसे सॉंप, बम आदि की अफवाह भी भगदड़ मचा सकती है। अतः इसे नियंत्रित करने हेतु आयोजकों द्वारा लाउडस्पीकर एवं ध्वनियंत्रों के माध्यम से एनाउन्स कराया जाना अनिवार्य होगा। आयोजन स्थल पर चिकित्सा सुविधा व्यवस्था रखी जाए साथ ही चिकित्सक, पैरा मेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाए तथा मौके पर एम्बुलेंस दवाईयों के साथ रखना अनिवार्य होगा।

उक्तानुसार सम्पूर्ण व्यवस्था आयोजकों द्वारा कराना अनिवार्य होगा। किसी भी सामाजिक व धार्मिक आयोजन के पूर्व आयोजक को संबंधित क्षेत्र के उपखण्ड दण्डाधिकारी से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। उपखण्ड दण्डाधिकारी आयोजन स्थल पर जाकर उपरोक्तानुसार आवश्यक व्यवस्था का निरीक्षण करने के उपरांत ही अनुमति प्रदान करेंगे।

संबंधित थाना प्रभारी/राजस्व अधिकारी/नगरीय व ग्रामीण निकायों के सक्षम अधिकारी को अपने-अपने कार्यालयों के सूचना पटल पर यह आदेश प्रदर्शित कर सामान्य जन एवं संबंधितों को आदेश की जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। उपरोक्त आदेश का उल्लंघन करने पर विधि अनुसार दण्डात्मक कार्यवाही किया जावेगा।

# हम होंगे कामयाब पखवाड़ा लोक अधिकार केन्द्र आजीविका भवन सेमरी में मनाया गया

**सीधी**




जेण्डर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिये चलाये जा रहे विशेष कार्यक्रम हम होंगे कामयाब पखवाड़े के अन्तर्गत कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज के मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेन्द्र कुमार सिंह के निर्देशन तथा जिला जेण्डर नोडल युवा सलाहकार हरीराम त्रिपाठी के सहयोग से विकासखण्ड सिहावल के लोक अधिकार केन्द्र में महिला बाल विकास एवं आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वाधान में हिंसा उन्मूलन संबंधी लैंगिक समानता, महिलाओं के हक और अधिकार विभिन्न विभागों तक महिलाओं की पहुंच बनाये जाने हेतु संवाद, शपथ एवं मेहदी रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में उजाला संकुल स्तरीय संगठन से विभिन्न ग्राम संगठनों एवं समूह सदस्य की महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम में महिलाओं की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जेण्डर सीआरपी देववती विश्वकर्मा, अंजू सिंह ने अपनी बातों को सभी के समक्ष रखा। अनुसुइया वाजपेई परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास ने अपने विचारों को रखा और लोगों को समझाइस दी कि घरेलू हिंसा को कैसे रोका जा सकता है एवं समस्या आने पर महिला बाल विकास एवं लोक अधिकार केन्द्र के माध्यम से समस्या का समाधान होता है। म.प्र. डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन ब्लाक प्रबंधक अखिलेश त्रिपाठी, विकासखण्ड जेण्डर नोडल राहुल शुक्ला सहायक विकासखण्ड प्रबंधक द्वारा बताया गया कि नई चेतना जेण्डर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रव्यापी अभियान 3.0 के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से महिला सशक्तीकरण के संदेश का प्रचार-प्रसार महिलाओं के बीच किया जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

उक्त कार्यक्रम में प्रभा सिंह सचिव उजाला संकुल, फूलकुमारी संकुल मैनेजर इत्यादि समूह सदस्य उपस्थित रहे।

# चिलरीकला के सरपंच पद का मतदान 09 दिसम्बर को

## निर्विघ्न निर्वाचन सम्पन्न कराने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल अधिकारी नियुक्त

**सीधी**

पंचायतों के उप निर्वाचन 2024 (उत्तरार्द्ध) के दौरान जनपद पंचायत सीधी के अंतर्गत ग्राम पंचायत चिलरीकला के सरपंच पद का मतदान दिनांक 09.12.2024 को प्रातः 7 बजे से दोपहर 03 बजे तक होगा। मतदान दलों को मतदान सामग्री एवं ई.व्ही.एम. खण्ड मुख्यालय सीधी से दिनांक 08.12.2024 को प्रातः 8 बजे से वितरण किया जावेगा तथा सामग्री वितरण उपरान्त मतदान दलों को उसी दिन मतदान केन्द्रों के लिये विशेष वाहन द्वारा प्रस्थान किया जावेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) ने आदेश जारी कर मतदान सामग्री वितरण, मतदान सामग्री के वापसी एवं मतदान केन्द्रों पर शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं निर्विघ्न रूप से मतदान कार्य सम्पन्न कराये जाने हेतु अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेशानुसार चिलरी कला के लिए राकेश शुक्ला तहसीलदार चुरहट को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है तथा डी.के. द्विवेदी सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को जोनल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जोनल अधिकारी निर्धारित मतदान केन्द्र भवनों का तत्काल निरीक्षण कर निरीक्षण प्रतिवेदन तहसीलदार एवं रिटर्निंग आफिसर जनपद पंचायत सीधी को प्रस्तुत करेंगे तथा मतदान सामग्री वितरण दिनांक को नियत समय से एक घन्टे पूर्व सामग्री वितरण स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

# जिला पंचायत की शिक्षा स्थाई समिति की बैठक 09 दिसम्बर को

**सीधी।** जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव शिक्षा स्थाई समिति जिला पंचायत ने जानकारी देकर बताया है कि जिला पंचायत सीधी की शिक्षा स्थाई समिति की बैठक दिनांक 09.12.2024 को दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित की गई है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को एजेण्डा अनुसार आवश्यक जानकारियों के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

## जिला दण्डाधिकारी ने जारी किया आदेश

# अनुपयोगी एवं खुले बोरवेल छोटे बच्चों के गिरने की दुर्घटनाओं को रोकने हेतु आदेश जारी

**सीधी।** जिले में अनुपयोगी खुले नलकूपों एवं बोरवेल में छोटे बच्चों के गिरने संबंधी दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अनुपयोगी एवं खुले बोरवेल तथा ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने की दुर्घटनाओं को रोकने व नियंत्रण की कार्यवाही हेतु सम्पूर्ण सीधी जिले की सीमाओं में आगामी आदेश पर्यन्त तक आदेश पारित किया है। जारी आदेशानुसार समस्त उपखण्ड दण्डाधिकारी द्वारा अपने क्षेत्रांतर्गत अनुपयोगी एवं खुले नलकूप बोरवेल तथा ट्यूबवेल की जानकारी एकत्रित कर उन्हें सुरक्षित रूप में बंद करने की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित की जावे। सीधी जिले की सीमा क्षेत्रांतर्गत जिन बोरवेल का उपयोग नहीं किया जाता है, या जिन बोरवेल में मोटर नहीं डली है अथवा जिनमें बोर केप नहीं लगा हुआ है, ऐसे समस्त खुले बोर में बोर केप एवं लोहे के मजबूत ढक्कन नट बोल्टो की सहायता से मजबूती के साथ बंद किये जाने हेतु संबंधित भूमि स्वामी, किसान एवं संस्था को आदेशित किया गया है। अनुपयोगी अथवा खुले पड़े हुए बोरवेल को लोहे के मजबूत ढक्कन या केप से नट बोल्टों की सहायता से मजबूती के साथ बंद किया जावे। इसी प्रकार जिला अंतर्गत अनुपयोगी एवं खुले कुओं व बावड़ी को भी जगत बनाकर एवं जाली लगाकर सुरक्षित किया जाना सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्रों तथा नगरीय क्षेत्रों में संबंधित क्षेत्र के कार्यपालिक दण्डाधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका/ नगर पंचायत परिषद अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण कर उक्त व्यवस्था सुनिश्चित करवाये जाने हेतु उत्तरदायी होंगे। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग भोपाल द्वारा शासन के निर्देशानुसार जिला पंचायतध्जनपद पंचायतध्ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्रों के संबंधित नगरीय निकाय द्वारा नवीन नलकूप खनन की जानकारी, नलकूप खनन मशानों का पंजीयन, नलकूप खनन करने वाले ठेकेदारों की जानकारी तथा अनुपयोगी एवं खुले नलकूपों की जानकारी संधारित की जाये तथा इसकी मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करें। उक्त आदेश का उल्लंघन किये जाने पर संबंधित के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

# सांसद मिले केंद्रीय पर्यटन मंत्री से, जिले में होगा पर्यटन का विकास



**सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा केंद्रीय पर्यटन राज्य मंत्री सुरेश गोपी से दिल्ली स्थित उनके निवास पर मुलाकात कर सीधी-सिंगरौली लोकसभा क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु विस्तृत चर्चा की।

केंद्रीय मंत्री श्री गोपी से मिलने के पश्चात लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि सीधी लोकसभा संसदीय क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। प्रकृति की सुरम्य वादियों में सीधी लोकसभा संसदीय क्षेत्र स्थित है। पर्यटन के क्षेत्र में सीधी लोकसभा में संभावनाएं तलाश कर पर्यटन को बढ़ावा देने एवं पर्यटन के क्षेत्र में युवाओं को रोजगार व अन्य प्रकार की संभावनाओं की व्यापक चर्चा की। चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री गोपी ने सांसद डॉ राजेश मिश्रा को आश्वासन दिया की अति शीघ्र सीधी लोकसभा संसदीय क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाएं तलाशने के लिए प्रयास होंगे।

# ग्राम रोजगार सहायक अकौरी को कार्य से विमुक्त कर जांच के दिए गए निर्देश

**सीधी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक जिला पंचायत अंशुमन राज द्वारा आदेश जारी कर अमृतलाल केवट ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत अकौरी के विरुद्ध प्रथम दृष्टया गंभीर आरोप होना प्रमाणित पाये जाने पर उन्हें तत्काल कार्य से विमुक्त किया गया है। जाँच अवधिनिर्णय तक देय मासिक पारिश्रमिक का 50 प्रतिशत ही प्राप्त करने की पात्रता होगी।

# हम होंगे कामयाब पखवाड़ा अंतर्गत छात्रों को जागरूक किया गया

**सीधी।** हम होंगे कामयाब पखवाड़ा में कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री आर सी त्रिपाठी एवं सहायक संचालक श्री अवधेश सिंह के मार्गदर्शन में साई महाविद्यालय सीधी एवं सी.एम. राइज विद्यालय रामपुर नैकिन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को गुड टच बैड टच, सशक्त बालिका, पी.सी.पी.एन.डी.टी., पास्को एक्ट, महिला सुरक्षा तथा आत्मसम्मान, साइबर अपराध, चाइल्ड/महिला हेल्पलाइन की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा हम होंगे कामयाब विषय पर पोस्टर बनाये गये तथा उपस्थित छात्र-छात्राओं से जेंडर संवेदीकरण विषय पर विस्तृत रूप से संवाद किया गया। कार्यक्रम में श्री शिवानंद शुक्ला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास रामपुर नैकिन, श्री बद्री प्रसाद त्रिपाठी प्राचार्य सी.एम. राइज विद्यालय रामपुर नैकिन, श्री चक्रधर प्रजापति उपनिरीक्षक थाना रामपुर नैकिन, प्राचार्य श्रीमती रचना मिश्रा, एसआई महिला पुलिस प्रकोष्ठ से निर्भा शुक्ला, ओएससी प्रशासक मंजुला तिग्गा, केस वर्कर अरुणिमा पाठक, पुष्पलता शर्मा, पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास, शिक्षक तथा बालक-बालिकायें उपस्थित रहे।

# सांसद ने रेलवे में जमीन अधिग्रहण के बदले मिले रोजगार सहित अनेक मुद्दों को लोकसभा में उठाया



**सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने सदन में नए रेल अधिनियम बिल पर रेलवे में जमीन अधिग्रहण के बदले मिले लोगों को रोजगार और लोकसभा संसदीय क्षेत्र से रेलवे के संदर्भ में विभिन्न विषयों को प्रमुखता से उठाया, जिसकी अंचल में शानदार प्रशंसा हो रही है।

लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी के नेतृत्व में बने इस नए रेल अधिनियम बिल का स्वागत करते हुए कहा कि सीधी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सिंगरौली में शीघ्र डीआरएम ऑफिस खोले जाने तथा बरगंवा और मड़वास रेलवे स्टेशन को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किए जाने हेतु मांग की, वही जमीन के बदले रोजगार दिए जाने, सिंगरौली-दिल्ली व सिंगरौली-भोपाल ट्रेन को प्रतिदिन चलाए जाने तथा सिंगरौली से पटना के बीच नई ट्रेन चलाए जाने की भी मांग की।

लोकसभा सांसद डॉ राजेश मिश्रा द्वारा लोकसभा में लोक हितैषी एवं जन कल्याणकारी मुद्दों को उठाने पर क्षेत्र की जनता ने अभिनंदन किया है, विशेष रूप से ऐसे लोग जिनकी जमीन रेलवे द्वारा रेल परियोजना के अंतर्गत अधिग्रहित कर ली गई है और उनमें से कुछ लोगों को रोजगार नहीं मिला है और कुछ अभी भी मुआवजे से भी वंचित है, ऐसे लोगों ने सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उक्त मांगों के क्रियान्वयन हेतु बल दिया है।

# संयुक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक अब 10 दिसंबर को

**सीधी।** जिला शिक्षा अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि संयुक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 09.12.2024 को जिला शिक्षा अधिकारी कक्ष में आयोजित किया गया था किन्तु उक्त दिनांक को स्थायी समिति की बैठक जिला पंचायत सीधी में होने के कारण संयुक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक का आयोजन संशोधित कर दिनांक 10.12.2024 को सायं 3 बजे से जिला शिक्षा अधिकारी कक्ष में आयोजित की गई है। उन्होंने समस्त मान्यता प्राप्त अधिकारी/कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष को उक्त बैठक में नियत तिथि, समय व स्थान में अपने संगठन से संबंधित समस्याओं का एजेण्डा दो प्रतियों के साथ लेकर उपस्थित होने हेतु सूचित किया है।

# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग बच्चों की प्रतिभाओं का हुआ अद्वितीय प्रदर्शन

**सीधी।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 सीधी में कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अंशुमन राज के मार्गदर्शन में किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और जिला शिक्षा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।




कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और समाज में उनके अधिकारों एवं कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अंशुमन राज ने कहा कि "दो दिव्यांग बच्चों को पूरे दिन अपने साथ में रखकर प्रशासनिक कार्यों से अवगत कराया जाएगा। वो क्या बनना चाहते हैं उनमें आत्मविश्वास और जागरूकता का विकास हो सकेगा।"

कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों के लिए विविध सांस्कृतिक और खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़, 50 मीटर दौड़, गोला फेंक, रंगोली, चित्रकला, मेहंदी, एकल गायन, एकल नृत्य, प्रतियोगिताएं शामिल थी। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और समाज में अपनी क्षमता का संदेश दिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही जिला चिकित्सालय द्वारा दिव्यांगजनों मेडिकल प्रमाण पत्र भी बनाये गए।

इस आयोजन में जिले के अधिकारी डीपीसी श्री राजेश तिवारी, उपसंचालक प्रतिनिधि सूरज सिंह और एपीसी रमसा डॉ सुजीत मिश्रा भी उपस्थित रहे। इसके अलावा कार्यक्रम के आयोजन में जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। इनमें प्रमुख रूप से श्री रजनीश श्रीवास्तव (एपीसी आईईडी), श्री चंद्रप्रताप तिवारी (लेखपाल), राजेश मिश्रा (एमआरसी), शिवांसु शुक्ला (स्पेशल एजुकेटर एमआरध्आईडी), राजेश गुप्ता (एमआरसी), हरिशंकर मिश्रा, सुदामा पटेल, संदीप नामदेव, विवेक मिश्रा, सीपी सिंह, बृजेश त्रिपाठी, बालसुधा मिश्रा, कमलेश दहायत और अखिल सिंह का सहयोग रहा।

इस अवसर पर अपर मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक तिवारी द्वारा आए हुए सभी दिव्यांग बच्चों को कंबल प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आए दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों ने जिला प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की और इसे एक प्रेरणादायक कदम बताया। यह आयोजन दिव्यांग बच्चों की क्षमताओं को प्रोत्साहित करने और समाज में उनके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुआ।


**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला–सीधी (म0प्र0)**

Email-modgmsid@mp.gov.in

क्रमांक/1710/खनिज/2024 सीधी, दिनांक 02/12/2024

// द्वितीय सूचना //

" म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1–क) "

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री शालिक प्रसाद द्विवेदी, पिता श्री सूर्यपाल द्विवेदी निवासी ग्राम–कमचढ़, तहसील –मझौली, जिला सीधी (म0प्र0) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन 19.07.2024 प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना दिनांक 23.07.2024 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र पर पुनः दिनांक 05.12.2024 से 19.12.2024 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई–खनिज पोर्टल https://ekhanijmp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | ख.क्र. | रकबा | भूमि का प्रकार | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीधी | मझौली | मेंडरहाई | 132 | 1.660 हे0 | निजी | मिट्टी | – |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते है तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जायेगा।

खनिज अधिकारी
जिला सीधी ( म.प्र. )

जी-19841/24

## संपादकीय

### बुरे फंसे बाइडन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बेटे हंटर बाइडन को आपराधिक मामलों में माफी देकर अपने कार्यकाल के आखिरी दिनों को विवादास्पद बना दिया है। विशेष परिस्थितियों में किसी दोषी को माफी देना राष्ट्राध्यक्ष का विशेषाधिकार होता है, लेकिन यहां जिस तरह से उसका इस्तेमाल किया गया, उसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। यह मामला सीधे-सीधे परिवारवाद का है और अगर राष्ट्रपति जैसे पद पर बैठी शख्सियत इस तरह के फैसले लेगी, तो उससे जनता के विश्वास को चोट ही पहुंचेगी। बाइडन के पूरे कार्यकाल में उनके बेटे हंटर भी चर्चा में रहे। उन पर दो गंभीर संघीय अपराध साबित हुए थे। एक, बंदूक खरीदने के दौरान ड्रग्स इस्तेमाल करने से जुड़ी गलत जानकारी देना और दूसरा केस टैक्स चोरी का था। हंटर को इसी महीने के आखिर में दोनों केस में सजाएं होनी थीं, लेकिन अपने पिता की 'दया' से अब उन पर कोई आरोप नहीं है। इसने डॉनल्ड ट्रंप को पूछने का मौका दे दिया है कि जनवरी 2021 में हुए दंगे में शामिल लोगों को भी क्या माफी दी जाएगी? कोई हैरत नहीं, अगर अगले महीने पद संभालने जा रहे ट्रंप अपने समर्थकों को नए साल के तोहफे में माफी दे दें। बाइडन इसलिए भी इस मामले में घिर रहे हैं, क्योंकि उन्होंने गंभीर आपराधिक मामलों में अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल किया। आमतौर पर इस तरह के निर्णय मानवीयता के आधार पर लिए जाते हैं या फिर उन जगहों पर, जहां मामले राजनीतिक प्रकृति के हों। वैसे, अपनों को राहत देने वाले बाइडन अकेले अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में दामाद को और बिल क्लिंटन ने चचेरे भाई को माफी दी थी। हालांकि दोनों केस में सजा हो चुकी थी, जबकि यहां राष्ट्रपति ने पहले ही क्षमा दे दी, जिसे न्याय व्यवस्था में दखल कहा जाएगा। भारत में भी राष्ट्रपति और राज्यपाल के पास सजा को कम करने या माफ करने का अधिकार है। मंशा जो भी रही हो, लेकिन इस तरह के कदम कई बार विवाद भी पैदा कर देते हैं। 2013 में यूपी सरकार ने सीरियल ब्लास्ट के संदिग्धों पर से इस आधार पर केस वापस लेने का फैसला लिया था कि आरोप राजनीति से प्रेरित थे। हालांकि तब हाईकोर्ट को दखल देना पड़ा। स्टेट हेड को क्षमा का अधिकार इसलिए दिया गया है, ताकि न्याय प्रणाली में मानवीयता बनी रहे। यह आखिरी हथियार की तरह है, जिसका इस्तेमाल तभी किया जाता है, जब यह लग रहा हो कि किसी को न्याय नहीं मिल सका और उसे सजा देने में गलती हुई है।


# आधुनिक विकास और गंगा के अस्तित्व पर मंडराता संकट

**भारत की सबसे महत्वपूर्ण नदी गंगा जो भारत और बांग्लादेश में कुल मिलाकर 2510 किमी की दूरी तय करती हुई उत्तराखंड में हिमालय से लेकर बंगाल की खाड़ी के सुंदरवन तक विशाल भू भाग को सींचती है, देश की प्राकृतिक संपदा ही नहीं, जन जन की भावनात्मक आस्था का आधार भी है। 2071 कि.मी तक भारत तथा उसके बाद बांग्लादेश में अपनी लंबी यात्रा करते हुए यह सहायक नदियों के साथ दस लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल के अति विशाल उपजाऊ मैदान की रचना करती है। सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण गंगा का यह मैदान अपनी घनी जनसंख्या के कारण भी जाना जाता है। 100 फीट (31 मीटर) की अधिकतम गहराई वाली यह नदी भारत में पवित्र मानी जाती है तथा इसकी उपासना माँ और देवी के रूप में की जाती है। भारतीय पुराण और साहित्य में अपने सौंदर्य और महत्व के कारण बार-बार आदर के साथ वंदित गंगा नदी के प्रति विदेशी साहित्य में भी प्रशंसा और भावुकतापूर्ण वर्णन किए गए हैं।**

कुमार कृष्णन

वैज्ञानिक मानते हैं कि इस नदी के जल में बैक्टीरियोफेज नामक विषाणु होते हैं, जो जीवाणुओं व अन्य हानिकारक सूक्ष्मजीवों को जीवित नहीं रहने देते हैं। गंगा की इस असीमित शुद्धिकरण क्षमता और सामाजिक श्रद्धा के बावजूद इसका प्रदूषण रोका नहीं जा सका है।आलम यह है कि इसे रोकने में सरकारी तंत्र का रवैया भी सुस्त है। तभी तो नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के चेयरपर्सन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने मौखिक रुप से टिप्पणी करते हुए कहा है कि महाकुंभ मेले में करोड़ों लोग आते हैं, अगर सीवेज के मल-जल को गंगा में गिरने से नहीं रोका गया तो लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित होगा।

गंगा बेसिन का लगभग 79 फीसदी क्षेत्र भारत में है। बेसिन में 11 राज्य शामिल हैं, जैसे उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और दिल्ली। गंगा बेसिन से जुड़े सवालों को लेकर गंगा मुक्ति आंदोलन की ओर से बिहार के मुजफ्फरपुर के चंद्रशेखर भवन ,मिठनपुरा में ÷ गंगा बेसिन ‑समस्याएं एवं समाधान÷ विषयक राष्ट्रीय विमर्श में जुटे देश के आठ राज्यों और नेपाल के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर गंगा के सवाल पर देशव्यापी अभियान चलाने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय विमर्श के केन्द्र में नदियों का गाद से पेट भरना , प्रदूषण ( औद्योगिक और नगरीय कचरा ) पानी की कमी , बालू उठाव और खनन , नदी की जैव विविधता, ग्लेशियर का पिघलना , जलवायु संकट , कार्बन उत्सर्जन , पारिस्थितिकी असंतुलन , औद्योगिक क्रांति से पनपे विकास की विनाशकारी अवधारणा और जल जंगल जमीन पर जीने वाले समुदाय का अधिकार रहे। कार्यक्रम में ऑन लाइन जुड़कर आईआईटी कानपुर के प्रो. डॉ.राजीव सिन्हा , बीबीसी के चर्चित पत्रकार रहे राम दत्त त्रिपाठी, पूर्व सांसद एवं चौथी दुनिया के संपादक संतोष भारतीय , बिहार सरकार में अपर मुख्य सचिव रहे व्यास जी एवं विजय प्रकाश , उत्तराखंड के नदी कर्मी सुरेश भाई सहित तमाम लोगों की चिंता इस बात को लेकर रही कि आखिर विनाश का खेल कब तक जारी रहेगा। उत्तराखंड के सुरेश भाई का कहना था कि मध्य हिमालय में स्थित गौमुख ग्लेशियर में हो रहे बदलाव को समझना बहुत जरूरी है।



समय रहते यदि इसके चारों ओर के पर्यावरण संरक्षण और संयमित विकास पर ध्यान नहीं दिया तो आने वाले दिनों में बहुत बड़ी समस्या पैदा हो सकती है। उत्तराखंड में गंगा के उद्गम आपदा और जलवायु परिवर्तन के चलते बुरी तरह प्रभावित हैं। इस भयानक स्थिति के बाद भी गंगा की एक महत्वपूर्ण धारा भागीरथी के उद्गम से ही गंगा की निर्मलता को लेकर एनजीटी ने बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। दूसरी बात है कि भागीरथी के उद्गम में लाखों देवदार के पेड़ों पर संकट की तलवार लटक रही है। यहां चौड़ी सड़क बनाने के लिए घने देवदार के जंगल को काटने की तैयारी चल रही है । इस विषय को तो राष्ट्रीय विमर्श का मुद्दा बनाया जाना ही चाहिए और एक बार फिर देशवासी उद्गम से लेकर देश में जहां-जहां से गंगा बह रही है उन तमाम राज्यों से हो रहे प्रदूषण, अतिक्रमण, शोषण के खिलाफ एक बार फिर से ÷नदी बचाओ अभियान÷ की तर्ज पर एकत्रित होकर आवाज बुलंद करना चाहिए।

पूर्व सांसद अली अनवर का कहना था कि गंगा का सवाल धार्मिक मामला नहीं है, जिसका राजनीतिक दोहन किया जा रहा है, बल्कि यह सांस्कृतिक मामला है। धार्मिक भावनाओं का शोषण करने के लिए राजनीतिक दल के लोग तरह-तरह की बातें करते हैं। नमामि गंगे योजना के नाम पर पिछले 10 साल से लूट मची है। यह योजना एक तरह से फेल है। पैसे भ्रष्टाचारियों व ठेकेदारों की जेब में जा रहे हैं। यकीनन यह सब गंगा को मारने की योजना है। विकास का विद्रूप चेहरा जो सभ्यता और संस्कृति की पावन धारा में सड़ांध पैदा करने से बाज़ नहीं आता। इस विकास का लक्ष्य गंगा की पवित्रता और अविरलता सुनिश्चित करना नहीं है, बल्कि इसकी निगाहें गंगा सफाई के लिए आवंटित बजट की बंदरबांट पर ही ज्यादा टिकी है।

गंगा एक संस्कृति का नाम हैं इसलिए गंगा की लड़ाई संस्कृति बचाने की लड़ाई हैं। गंगा मुक्ति आंदोलन के संस्थापक अनिल प्रकाश कहते हैं कि गंगा की हत्यारी आधुनिक विकास की नीति हैं। दिल्ली के पत्रकार प्रसून लतांत कहते हैं कि योजनाएं जब तक जनता की अपेक्षा के प्रतिकूल होगी तो यही होगा। गंगा या नदी घाटी की सभ्यता को बचाने के प्रयास तभी सार्थक होंगे, जब गंगा पर आश्रित समुदाय से विमर्श कर योजनाएं बने। मधुपुर झारखंड के पर्यावरणविद सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम जी की चिंता बांधों को लेकर है, उनके अनुसार अमेरिका के केनंसी वैली के तर्ज पर कोलकाता बंदरगाह को साफ़ करने के लिए दामोदर को बांधा गया, तत्पश्चात फरक्का बराज बनाया गया। फरक्का बराज का विरोध उस वक्त इंजीनियर कपिल भट्टाचार्य ने किया था । गंगा मुक्ति आंदोलन के प्रणेता अनिल प्रकाश ने गंगा समेत अन्य नदियों को दोहन से बचाने के लिए बड़े आंदोलन का आह्वान किया साथ ही कहा कि जब दूसरे देश में बांध तोड़े जा रहे हैं, तब वहीं आज भारत में विश्व बैंक से कर्ज लेकर बांध पर बांध बनने को हरी झंडी दी जा रही है। इसके मूल में राजनेता, नौकरशाही और ठेकेदारों का गठजोड़ है। सारा खेल कमीशन का है। इसके कारण पूरी व्यवस्था भ्रष्टाचार में लिप्त है। क्या कारण है कि बांधों के सवाल पर सरकारी कमेटी में शामिल विशेषज्ञों की राय को नजर अंदाज किया जा रहा है।

कार्यक्रम में राजस्थान महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, झारखण्ड, भागलपुर, कहलगांव एवं नेपाल के दर्जनों ऐसे लोग शामिल हुए, जो पर्यावरण, नदी, जल-जंगल-जमीन को लेकर काम कर रहे हैं। इस मौके पर वीरेंद्र क्रांति वीर, हेमलता महस्के, अखिलेश कुमार, कृष्ण कुमार माढ़ी, आदित्य सुमन, गणेश, राजा राम सहनी, चंदेश्वर राम, बागमती संघर्ष मोर्चा से नवल किशोर सिंह, ठाकुर देवेंद्र, डॉ संतोष सारंग, जगरनाथ पासवान, राम एकबाल राय, अरविंद, कृष्णा प्रसाद, डॉ नवीन झा, श्याम नारायण यादव, राजीव, शाहिद कमाल ने शिरकत की। साथ ही फैसला लिया गया कि 22 फरवरी 2025 को गंगा मुक्ति आंदोलन के वर्षगांठ पर कागजी टोला कहलगांव , भागलपुर में पुनः देश भर से परिवर्तनवादी जुटेंगे और आगे की योजना बनाएंगे । गंगा मुक्ति आंदोलन ने कई मुद्दों के साथ बिहार की नदियों में फ्री फिशिंग एक्ट बनाने के आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया है। 1990 में बिहार सरकार ने पारंपरिक मछुआरों को नदी में निःशुल्क मछली पकड़ने का अधिकार दिया था , जिसे छल और फरेब से अब शिथिल किया जा रहा है। बिहार में अभी स्पेशल जमीन सर्वे भी चल रहा है। नदियों की जमीन का सीमांकन (चौहद्दी ) और रकबा निर्धारित करने को लेकर अभियान चलाने की बात कही गयी। इसके साथ ही संकल्प लिया गया कि गंगा की अविरलता और निर्मलता बहाली के लिए,गाद के स्वाभाविक निदान के लिए फरक्का बराज को खोलने सहित सभी बांध बराज तटबंध को खत्म कर नदियों की प्राकृतिक अवस्था बहाल करने और किसी भी प्रकार का प्रकृति के साथ छेड़छाड़ न करने के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा (विनायक फीचर्स)

# एडवेंचर स्पोर्ट्स इंस्ट्रक्टर में नौकरी के अवसर और करियर विकल्प

विजय गर्ग

एडवेंचर स्पोर्ट्स इंस्ट्रक्टर, जैसा कि नाम से ही पता चलता है, एडवेंचर स्पोर्ट्स में प्रशिक्षण प्रदान करने में विशेषज्ञ है, चाहे वह वॉटर स्पोर्ट्स जैसे स्कूबा डाइविंग, व्हाइट वॉटर राफ्टिंग, कयाकिंग, कैनोइंग, क्लिफ डाइविंग, स्नॉर्कलिंग, यॉट रेसिंग, पावरबोट रेसिंग, विंड सर्फिंग आदि हो। हवाई खेल जैसे बंजी जंपिंग, पैराग्लाइडिंग, स्काई डाइविंग, स्काई सर्फिंग आदि, या भूमि साहसिक खेल जैसे रॉक क्लाइंबिंग, स्केटबोर्डिंग, माउंटेन बाइकिंग, स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग, ट्रैकिंग, एडवेंचर रेसिंग, भूमि और बर्फ नौकायन आदि। साहसिक पर्यटन, पहाड़ी रिसॉर्ट संस्कृति के बारे में जनता के बीच जागरूकता फैलने और नेशनल ज्योग्राफिक, डिस्कवरी, एएक्सएन आदि जैसे मीडिया चैनलों की भागीदारी के साथ, लोग अपने आसपास साहसिक खेल गतिविधियों के बारे में अधिक जागरूक हो गए हैं और एक साहसिक छुट्टी की योजना बनाना चाहते हैं। पेशेवर प्रशिक्षक के रूप में इन विशेषज्ञों की मांग पिछले कुछ वर्षों में कई गुना बढ़ गई है। इस प्रकार एडवेंचर टूरिज्म के इस क्षेत्र में एडवेंचर स्पोर्ट्स प्रशिक्षकों का अच्छा भविष्य है। साहसिक खेलों में जनसंचार माध्यमों की भागीदारी के विश्वव्यापी दृष्टिकोण के कारण उच्च स्तर पर इस क्षेत्र से बहुत सारा ग्लैमर भी जुड़ गया है। एक सफल साहसिक खेल प्रशिक्षक बनने के लिए व्यक्ति के पास क्षेत्र में आवश्यक जानकारी और विशेषज्ञता होनी चाहिए। आवश्यक विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए कोई व्यक्ति निम्नलिखित अल्पकालिक और पूर्णकालिक दीर्घकालिक पाठ्यक्रमों में से एक या अधिक को अपना करियर बना सकता है। इसमें बहुत अधिक मेहनत और प्रयास की आवश्यकता होती है लेकिन साथ ही यह किसी के करियर के निर्माण के लिए बहुत अधिक संभावनाएं प्रदान करता है। पूर्व खिलाड़ियों के साथ-साथ कड़ी मेहनत की इच्छा और क्षमता वाले युवा ऊर्जावान लोग, अब साहसिक खेलों से जुड़े नाम और प्रसिद्धि के साथ-साथ पैसा और संतुष्टि दोनों प्राप्त कर सकते हैं। साहसिक खेल प्रशिक्षक पात्रता शैक्षणिक योग्यता एडवेंचर स्पोर्ट्स इंस्ट्रक्टर बनने के लिए आवश्यक वांछनीय योग्यता एक विषय के रूप में शारीरिक शिक्षा के साथ 12वीं कक्षा है (हालांकि यह अनिवार्य नहीं है) इसके बाद किसी भी एडवेंचर स्पोर्ट्स संस्थान से प्रमाणन प्राप्त करना होगा। ऑनलाइन शिक्षण संसाधन महत्वपूर्ण- जल-आधारित खेलों के लिए तैराकी का अच्छा कौशल अनिवार्य है। इसके अलावा, विदेशी साहसिक खेल प्रेमियों को संभालने के लिए अंग्रेजी या कुछ विदेशी भाषाओं में दक्षता उपयोगी हो सकती है। साहसिक खेल प्रशिक्षकों के लिए आवश्यक कौशल साहसिक खेल प्रशिक्षकों में खेल के प्रति उत्साह, उत्कृष्ट संचार कौशल, आत्मविश्वास जगाने और प्रतिभागियों को प्रेरित करने की क्षमता होनी चाहिए। उनमें दृढ़ संकल्प और धैर्य, अच्छा संगठनात्मक कौशल, संवेदनशील और सहायक दृष्टिकोण होना चाहिए। उनमें शारीरिक सहनशक्ति और खेल में सभी की भागीदारी के प्रति प्रतिबद्धता होनी चाहिए। एडवेंचर स्पोर्ट्स इंस्ट्रक्टर कैसे बनें? उन उम्मीदवारों के लिए किसी औपचारिक योग्यता की आवश्यकता नहीं है जो स्वयं खिलाड़ी के रूप में साहसिक खेलों से जुड़े रहे हैं। पूर्व और वरिष्ठ साहसिक खिलाड़ियों को एक खिलाड़ी के रूप में खेल के अपने ज्ञान और अनुभव के कारण सहायक खेल प्रशिक्षक (आवश्यक प्रमाणीकरण या लाइसेंस प्राप्त करने के बाद) के रूप में नौकरी मिल सकती है। सहायक के रूप में क्षेत्र में कुछ अनुभव के साथ, वे समय के साथ मुख्य प्रशिक्षक या मुख्य प्रशिक्षक के रूप में ऊपरी पद पर आसीन हो सकते हैं। हालाँकि, वे अभ्यर्थी जिनके पास गैर-खेल पृष्ठभूमि है, लेकिन वे ऊर्जावान हैं और खेल का अच्छा ज्ञान रखते हैं, वे औपचारिक प्रशिक्षण ले सकते हैं और नीचे दिए गए निर्देशों का पालन करके प्रशिक्षक के रूप में इस क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं।कदम- स्टेप 1 इच्छुक उम्मीदवार को उनके द्वारा प्रस्तावित लघु अवधि के साहसिक खेल पाठ्यक्रम करने के लिए कुछ साहसिक खेल संस्थान या राष्ट्रीय जल खेल संस्थान और नेहरू पर्वतारोहण संस्थान जैसे क्लबों में शामिल होना होगा। चरण दो एक बार जब वे प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लेते हैं तो उन्हें प्रमाणन या लाइसेंस प्रदान किया जाता है जो उन्हें साहसिक खेल प्रशिक्षक बनने के लिए पात्र बनाता है। साहसिक खेल प्रशिक्षक नौकरी विवरण साहसिक खेलों के लिए न केवल खेल कौशल की आवश्यकता होती है, बल्कि साहसिक कार्य करने के लिए बहुत अधिक प्रेरणा की भी आवश्यकता होती है क्योंकि इनमें एक निश्चित मात्रा में जोखिम लेना भी शामिल होता है। इस प्रकार एक साहसिक खेल प्रशिक्षक की नौकरी का विवरण स्पोरिंग कौशल सिखाने से कहीं अधिक है। उनके काम में समूह पहल के माध्यम से समूहों का मार्गदर्शन करना, उचित स्पॉटिंग तकनीक सिखाना, रस्सियों, कैरबिनियर्स, हार्नेस और अन्य जीवन सहायक उपकरणों की उचित देखभाल और रखरखाव सिखाना शामिल है क्योंकि वे किसी भी प्रकार के कार्य को ठीक से करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा, वह शिविरार्थियों और कर्मचारियों को नए खेल आज़माने, शिविर जीवन के अन्य पहलुओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। एक साहसिक खेल प्रशिक्षक को वे सभी कर्तव्य निभाने होते हैं जो साहसिक/खेल निदेशक, ग्राम निदेशक, कार्यक्रम समन्वयक या शिविर निदेशक द्वारा उसे सौंपे जा सकते हैं। साहसिक खेल प्रशिक्षक कैरियर की संभावनाएँ साहसिक खेल प्रशिक्षकों के लिए निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों में रोजगार के प्रचुर अवसर उपलब्ध हैं। उन्हें खेल केंद्रों और एथलेटिक क्लबों के अलावा भ्रमण एजेंसियों, हॉलिडे रिसॉर्ट्स, अवकाश शिविरों और वाणिज्यिक मनोरंजन केंद्रों में नौकरी मिल सकती है। पर्यटन विभाग, एडवेंचर स्पोर्ट्स क्लब और हिल्स रिसॉर्ट्स आदि भी इन पेशेवरों को अच्छा अवसर प्रदान करते हैं। प्रशिक्षित साहसिक खेल प्रशिक्षक कॉर्पोरेट घरानों और विभिन्न राज्य और केंद्र सरकारों द्वारा प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता से अपनी स्वयं की अकादमियाँ भी खोल सकते हैं। साहसिक खेल प्रशिक्षक वेतन जहां तक ??एडवेंचर स्पोर्ट्स प्रशिक्षकों के वेतन पैकेज और वेतन का सवाल है, तो उन्हें शुरुआत में कुछ अच्छे एडवेंचर स्पोर्ट्स क्लबों या हिल रिसॉर्ट्स में एडवेंचर स्पोर्ट्स प्रशिक्षक के रूप में 20,000 रुपये से 30,000 रुपये तक कुछ भी मिल सकता है। यदि कोई व्यक्तिगत असाइनमेंट के लिए जाता है तो वह उतना ऊंचा स्थान प्राप्त कर सकता है जितना वह सोच सकता है, यह सब संबंधित क्षेत्र में उसकी अपनी क्षमता और मांग पर निर्भर करता है।

## वर्ग पहेली 5573

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | | 5 | |
| 6 | | | 7 | | 8 | | 9 |
| | | 10 | | | 11 | | |
| 12 | 13 | | | | | | |
| 14 | | | 15 | | | | |
| | | 16 | | | | | 17 |
| | 18 | | | | 19 | 20 | |
| 21 | | | 22 | | | 23 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. ये तिब्बत के राष्ट्राध्यक्ष और आध्यात्मिक गुरू है, यह एक मंगोलियाई पदवी है, जिसमका मतलब होता है ज्ञान का महासागर (5)
6. बराबर, विभाज्य (2)
7. विम्बलडन नाम इस खेल से जुड़ा है (5)
10. द्वार यंत्र, लॉक (2)
11. हस्तलिखित, उपरोपित, पैबंदी (3)
12. सिंह या शेर को यह भी कहते है (4)
14. पेरिस शहर इस नदी के किनारे बसा है, यह नदी इंगलिश चैनल मे जाकर गिरती है (2)
15. क्रम में प्रथम, आदिम (3)
16. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
17. जननी, मां, मातृ, पैदा करने वाली स्त्री (1)
18. पश्चिमी अफ्रीका के देश घाना की यह राजधानी है (3)
19. अध्ययन (अंग्रेजी)(2)
21. श्रीराम के भाई भरत के ज्येष्ठ पुत्र का यह नाम था (2)
22. पुराणानुसार एक प्रकार के देवता जो कुबेर के सेवक और उसकी निधि के रक्षक कहे गए है (2)
23. धमनी, स्पंद, रग (2)

**ऊपर से नीचे**

1. दस दिन का आयोजन या कार्यक्रम (6)
2. अलक, जुल्फ (2)
3. प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी जिन्होंने पंजाब नेशनल बैंक की स्थापना की (8)
4. इज्जत, प्रतिष्ठा, आबरू, मापदंड (2)
5. पवन, वायु, हवा (3)
8. तकनीकी संबंधी जानकारी रखने वाला (6)
9. वायु, पवन, बयार (3)
10. बृहस्पति की पत्नी का नाम (2)
13. महिला ईसाई पादरी (2)
16. शरीर का एक संवेदी अंग (2)
18. ऐक्सिस, कीलक, धुरी, मेरू (2)
20. किसी महाविद्यालय का प्रमुख (2)

### वर्ग पहेली 5572 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग्री | स | | फि | रो | जा | बा | द |
| वा | र | दा | त | | न | ग | र |
| | प | ह | र | | की | | मा |
| ह | र | क | त | | खै | र | |
| द | स्त | | | सू | र | ज | |
| क | | जू | न | | म | क | र |
| र | ख | ना | | पा | ना | | क्षि |
| ना | त | | | क | ना | ग | त |

# जिन्ना के देश पर कम्युनिस्ट ड्रैगन का बढ़ता कर्ज

(प्रियेश मिश्र)

चीन पाकिस्तान का सबसे बड़ा ऋणदाता बन गया है। वहीं, सऊदी अरब, पाकिस्तान का दूसरा सबसे बड़ा द्विपक्षीय ऋणदाता बना है। मंगलवार को जारी विश्व बैंक की अंतर्राष्ट्रीय ऋण रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान का उच्च ऋण-से-निर्यात और ऋण-से-राजस्व अनुपात एक कमजोर राजकोषीय स्थिति का संकेत देता है।

चीन एक बार फिर पाकिस्तान का सबसे बड़ा ऋणदाता बन गया है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से कर्ज लेने वाले दुनिया की टॉप तीन देशों में भी शुमार है। मंगलवार को जारी विश्व बैंक की अंतर्राष्ट्रीय ऋण रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान का उच्च ऋण-से-निर्यात और ऋण-से-राजस्व अनुपात एक कमजोर राजकोषीय स्थिति का संकेत देता है। विश्व बैंक ने 2023 में पाकिस्तान का कुल बाहरी ऋण (आईएमएफ सहित) 130.85 बिलियन डॉलर बताया था, जो इसके कुल निर्यात का 352 प्रतिशत और सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) का 39 प्रतिशत है।

## पाकिस्तान पर चीन का कितना कर्ज

विश्व बैंक के अनुसार, पाकिस्तान का कुल बाहरी ऋण सेवा कुल निर्यात का 43 प्रतिशत और जीएनआई का 5 प्रतिशत है। पाकिस्तान के ऋण में चीन का सबसे बड़ा हिस्सा 22 प्रतिशत (लगभग 28.786 बिलियन डॉलर) था, जिसके बाद विश्व बैंक का 18 प्रतिशत हिस्सा (23.55 बिलियन डॉलर) और एशियाई विकास बैंक का 15 प्रतिशत हिस्सा (19.63 बिलियन डॉलर) था। सऊदी अरब कुल ऋण में 7 प्रतिशत या लगभग 9.16 बिलियन डॉलर के साथ पाकिस्तान का दूसरा सबसे बड़ा द्विपक्षीय ऋणदाता रहा।

## पाकिस्तान को लेकर विश्व बैंक ने दी चेतावनी

विश्व बैंक ने बढ़ते ऋण के बीच पाकिस्तान की कमजोर होती राजकोषीय स्थिति के बारे में चेतावनी दी। कुल बाहरी ऋण स्टॉक में से, लगभग 45 प्रतिशत ऋण (58.88 बिलियन) द्विपक्षीय ऋणदाताओं का था और 46 प्रतिशत (लगभग 60.2 बिलियन डॉलर) बहुपक्षीय ऋणदाताओं का था, जबकि शेष 9 प्रतिशत ऋण बॉन्डधारकों के नेतृत्व में निजी ऋणदाताओं का था, जिसका 8 प्रतिशत हिस्सा था।

## पाकिस्तान पर कुल कितना कर्ज है

रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल 130.85 बिलियन डॉलर में से, दीर्घकालिक बाहरी ऋण स्टॉक 110.44 बिलियन डॉलर, आईएमएफ ऋण और आवंटन 11.53 बिलियन डॉलर और अल्पकालिक बाहरी ऋण 8.878 बिलियन डॉलर था। 2023 में पाकिस्तान को कुल संवितरण 12.945 बिलियन डॉलर था, जबकि कुल पुनर्भुगतान 14 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें 4.33 बिलियन डॉलर का ब्याज भुगतान शामिल है।

# आज का राशिफल

### मेष

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपको किसी विशेष घटनाक्रम के अंतर्गत अचानक से रुका धन हाथ लगेगा। आपकी धर्म में आस्था बढ़ेगी और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें, अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का लाभ मिलेगा। आपका नए संपर्क से सितारा बुलंद होगा और कारोबार में आपकी तरक्की होगी।

### वृष

आज दिन करियर के लिहाज से बेहद शुभ है। आपको मान सम्मान की प्राप्ति होगी। व्यापार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी तो आप फूले नहीं समाएंगे। आपकी खुशी बढ़ेगी और रात में किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने से आपको प्रसन्नता का अनुभव होगा।

### मिथुन

आज दिन करियर में सफलता दिलाने वाला है। आप जो भी काम योजनाबद्ध तरीके से करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। धन-संपत्ति में वृद्धि होने से मन में प्रसन्नता रहेगी। घर में भाइयों के साथ जमीन जायदाद का विवाद हल हो सकता है, किसी भी मामले में बहुत ही संभलकर रहें।

### कर्क

आज करियर के मामले में सफलता लेकर आया है। ग्रहों के शुभ योग से आपको लाभ होगा। किसी महान व्यक्ति के आशीर्वाद से आपको करियर में सफलता मिलेगी। कोई कीमती वस्तु अचानक मिल सकती है, जिससे आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

### सिंह

आज करियर में हर काम संभलकर करने की जरूरत है। आपको हर विवाद से बचने की सलाह है। आप अपने प्रतिद्वंदियों के लिए सिरदर्द बने रहेंगे। व्यापार में अचानक उम्मीद से ज्यादा लाभ होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। संतान पक्ष से भी अच्छी खबर मिलेगी।

### कन्या

आज दिन लाभ से भरा होगा और आर्थिक मामलों में योजनाएं सफल होंगी। आर्थिक मामलों में सुखद रहेगा। काफी समय से जो असमंजस चल रहा था, आज उसका अंत होगा और निराशा भी दूर होगी। जिस कारण से आपके काम नहीं बन रहे थे, आज वह बाधा दूर हो जाएगी तो आपको रचनात्मक कार्यों में तेजी आएगी।

### तुला

आज करियर के मामले में लाभ होगा। जो काम जोखिम भरे हैं, उन्हें करने से बचें, वरना नुकसान हो सकता है। कार्यक्षेत्र में सहयोगी आपकी मदद करेंगे। किसी संकट में फंस सकते हैं, इसलिए अपने काम पर ध्यान दें, वरना नुकसान हो सकता है। आपकी योजनाएं सफल होंगी और धन में वृद्धि होगी।

### वृश्चिक

आज दिन काफी व्यस्त रहेगा। घरेलू और व्यावसायिक माहौल में काफी थकान हो सकती है। कई तरह के विवाद और झंझट आपके सामने आ सकते हैं, लेकिन धैर्य से काम लें। अपनी कार्यकुशलता से आप अपनी परेशानियां कम कर पाएंगे और ऑफिस में लोग आपकी मदद करेंगे।

### धनु

आज दिन लाभ से भरा होगा। आप जिस प्रतियोगिता या परीक्षा को पास करना चाहते हैं, उसमें आपको सफलता मिलने के योग हैं। आप जिस तरह से अपनी रणनीति बना रहे हैं, उससे लगता है कि आपके प्रयास सफल होंगे। आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे सुधार होगा। रात में किसी की सेहत को लेकर परेशान हो सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होगी।

### मकर

आज दिन शुभ है। आपका मूड सुबह से अच्छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्कर में आप दिनभर भागदौड़ करने को तैयार रहेंगे। परिस्थितियां जब अनुकूल होने लगती हैं तो सभी काम बनने लगते हैं और आप सफलता की ओर बढ़ते हैं। व्यर्थ की भागदौड़ और तनाव भी कम होने लगेगा और आपके लिए तरक्की के योग बनेंगे।

### कुंभ

आज दिन व्यस्त रहेगा। आपके सामने कई काम एक साथ आएंगे। आपके विरोधी भी कुछ ऐसी हरकतें कर सकते हैं जिससे आपको गुस्सा आएगा। लेकिन खुद को शांत रखें और अपने काम पर ध्यान दें। अगर आपको अपनी स्थिति स्पष्ट करनी है तो अपने वरिष्ठ अधिकारी को बताएं। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

### मीन

आज करियर में लाभ मिलेगा और नौकरी के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। नौकरी को संभालकर करें। व्यापार के विस्तार के लिए समय अनुकूल है। आपको बाहर से भी सुविधाएं मिल रही हैं और आर्थिक मामलों में भी लाभ होगा। करियर में आपको बड़ा लाभ होगा। आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं और भाग्य साथ देगा।

## संक्षिप्त समाचार

### केबल चोरी से दिल्ली मेट्रो के ब्लू लाइन की सेवा बाधित, यात्री परेशान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नोएडा के सबसे व्यस्त रूट यानि ब्लू लाइन पर मेट्रो की रफ्तार धीमी हो गई है। केबल चोरी के कारण मेट्रो रुक-रुक कर चल रही है। डीएमआरसी ने इसकी वजह केबल चोरी को बताया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन में भी अपने एक्स हैंडल पर इसकी जानकारी दी। सलाह दी है कि लोग ज्यादा समय लेकर घर से निकले। डीएमआरसी ने कहा कि मोती नगर और कीर्ति नगर के बीच केबल चोरी होने के कारण ब्लू लाइन पर सेवाओं में देरी हो रही है। डीएमआरसी न ने यात्रियों से अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाने का आग्रह किया है साथ ही शुक्रवार सुबह तक सेवाएं पूरी तरह से बहाल हो जाने की उम्मीद है। डीएमआरसी ने असुविधा के लिए खेद भी व्यक्त किया है। एक्स हैंडल पर लिखा गया है, 卐मोती नगर और कीर्ति नगर के बीच ब्लू लाइन पर केबल चोरी की समस्या रात में परिचालन समय समाप्त होने के बाद ही ठीक हो सकेगी, चूंकि दिन के दौरान प्रभावित खंड पर ट्रेनें प्रतिबंधित गति से चलेंगी, इसलिए सेवाओं में कुछ देरी होगी।卐 एक्स हैंडल पर आगे कहा गया, 卐यात्रियों से अनुरोध है कि वे मौजूदा स्थिति को देखते हुए ही अपनी यात्रा की योजना बनाएं, क्योंकि यात्रा में कुछ अतिरिक्त समय लगेगा। ब्लू लाइन बिजी रूट के तौर पर जाना जाता है। मेट्रो फ्रीक्वेंसी में भी कमी देखने को मिल रही है। इस वजह से मेट्रो में यात्रियों की भारी भीड़ भी देखी जा रही है। बता दें कि ब्लू लाइन, द्वारका सेक्टर 21 को नोएडा सिटी सेंटर और वैशाली से जोड़ती है। इस लाइन पर रोजाना बड़ी संख्या में लोग सफर करते हैं।

### असम में गोमांस खाना और परोसना बैन, होगा कड़ा ऐक्शन : हिमंत बिस्वा सरमा

**गुवाहटी, एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि राज्यभर के होटल, रेस्टोरेंट और सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस न तो खाया जाएगा और न ही परोसा जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा है कि ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त ऐक्शन लिया जाएगा। बिस्वा के आदेश पर असम के मंत्री पीयूष हजारिका ने असम कांग्रेस को इस फैसले का स्वागत करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि गोमांस मत खाओ या पाकिस्तान चले जाओ। बुधवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में गोमांस सेवन पर मौजूदा कानून में संशोधन कर नए प्रावधानों को शामिल करने का निर्णय लिया गया। सरमा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हमने रेस्तराओं, होटलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर गोमांस परोसे जाने तथा खाने पर रोक लगाने का फैसला किया है।'' सरमा ने आगे कहा कि हमारी सरकार ने तीन साल पहले गोहत्या पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून पास किया था। अब हमने पूरे राज्यभर में गोमांस खाने पर प्रतिबंध लागू कर दिया है। यह आदेश सभी होटल, रेस्टोरेंट और सार्वजनिक आयोजनों में लागू होगा। उन्होंने कहा कि पहले हमने मंदिर के पांच किलोमीटर दूर तक गोमांस खाने या परोसने पर बैन लगाया था, लेकिन अब नए आदेश में हम इस आदेश को पूरे राज्य में जारी कर रहे हैं। हिमंत बिस्वा के आदेश पर असम के मंत्री पीयूष हजारिका ने ट्वीट किया है, उन्होंने असम कांग्रेस को गोमांस पर प्रतिबंध का स्वागत करने की सलाह दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं असम कांग्रेस को चुनौती देता हूं कि वह गोमांस पर प्रतिबंध का स्वागत करें या पाकिस्तान में जाकर बस जाएं।

### बिहार में हमारी सरकार बनी तो लोगों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे : तेजस्वी

**पटना, एजेंसी।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को बिहार में आगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन की सरकार बनने पर पूरे बिहार में उपभोक्ताओं को हम 200 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे। मुंगेर में राजद कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत के मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए, पूर्व उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले जनता के साथ साझा करने के लिए एक रोडमैप तैयार कर रही है। विधानसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि राज्य के लोग अत्यधिक बिजली दरों और स्मार्ट प्री-पेड मीटरों द्वारा अनियमित बिलिंग से जूझ रहे हैं, जो स्मार्ट धोखेबाज कहलाने लायक हैं। उन्होंने कहा कि हम चीजों को सही करने और 200 यूनिट मुफ्त बिजली प्रदान करके लोगों को राहत देने का इरादा रखते हैं। हम सत्ता में आने पर ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं लेकिन तब तक हम नीतीश कुमार सरकार पर इसके लिए दबाव बनाएंगे। युवा नेता ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वह नहीं रहे जो वह थे और वह उस मंडली के लिए मुखौटा बन गए हैं जो राज्य में सत्ता खींच रही है। राजद नेता ने बिहार के लिए विशेष दर्जा सुरक्षित करने और वंचित जातियों के लिए बढ़ा हुआ कोटा प्रदान करने वाले कानूनों की रक्षा करने में विफलता के लिए जद (यू) सुप्रीमो को लताड़ा, बावजूद इसके कि उनकी पार्टी केंद्र में एनडीए सरकार का हिस्सा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि महिला संवाद यात्रा के लिए 250 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन किया गया है, जिसे मुख्यमंत्री जल्द ही शुरू करने वाले हैं और कहा कि सार्वजनिक धन को बर्बाद किया जा रहा है। ऐसा लगता है कि नौकरशाही को लूट में लिप्त होने की खुली छूट दे दी गई है।

# हर ट्रेन में अब लगेंगे चार जनरल कोच, जनरल टिकट यात्रियों को होगा फायदा



**हैदराबाद, एजेंसी।** यात्रियों को राहत देने के लिए दक्षिण मध्य रेलवे ने एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में जनरल कोच की संख्या बढ़ाने की घोषणा की है. कई चरणों में शुरू होने वाली इस योजना के तहत वर्तमान में केवल दो जनरल कोच वाली ट्रेनों में अब चार कोच होंगे. इसके अतिरिक्त यात्रियों के अनुभव और सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक एलएचबी कोच कोच भी शुरू किए जा रहे हैं. इस पहल के तहत दक्षिण मध्य रेलवे ने बुधवार (4 दिसंबर) को कहा कि जोन के भीतर 21 जोड़ी ट्रेनों में 80 नए एलएचबी कोच जोड़े जाएंगे. इस अपग्रेड का उद्देश्य सामान्य श्रेणी के यात्रियों खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान करना है.

**अधिक सीटों के साथ आधुनिक बदलाव :** ट्रेन के जनरल कोच पुराने हो चुके हैं. इन कोचों को इस्तेमाल दशकों से किया जा रहा है. इससे यात्रियों को असुविधा होती है. कई ट्रेनों में केवल दो जनरल कोच होने के कारण यात्रियों को सीट पाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है. इस समस्या को हल करने के लिए रेलवे बोर्ड सक्रिय रूप से जनरल कोच की संख्या बढ़ा रहा है. साथ ही पुराने इंटीग्रल कोच फैक्ट्री कोचों को आधुनिक एलएचबी कोच वेरिएंट से बदल रहा है. नए एलएचबी जनरल कोच में न केवल बेहतर डिजाइन है, बल्कि पुराने मॉडल में 90 सीटों की तुलना में 100 सीटें भी हैं. अधिक यात्रियों को समायोजित करने के अलावा, ये कोच सुरक्षा को भी बढ़ाते हैं, क्योंकि इन्हें दुर्घटनाओं के दौरान नुकसान को कम करने के लिए डिजाइन किया गया है. पहले एसी और स्लीपर क्लास के लिए विशेष रूप से बनाए गए एलएचबी कोच को अब जनरल क्लास में भी शामिल किया जा रहा है.

**व्यापक स्तर पर बदलाव जारी :** वर्तमान में दक्षिण गौतमी और नारायणद्री एक्सप्रेस जैसी लोकप्रिय ट्रेन सेवाओं सहित 19 अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों में 66 एलएचबी कोच पहले ही लगाए जा चुके हैं. दक्षिण मध्य रेलवे ने पुष्टि की है कि चरणबद्ध रोलआउट जारी रहेगा. इसमें देश भर में 370 ट्रेनों में एलएचबी कोच लगाए जा रहे हैं. इस विस्तार से प्रतिदिन अतिरिक्त 70,000 यात्रियों को सुविधा मिलने की उम्मीद है. दक्षिण मध्य रेलवे महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने सामान्य श्रेणी के यात्रियों को प्राथमिकता देने के लिए रेलवे की प्रतिबद्धता पर जोर दिया. उन्होंने कहा, एलएचबी कोच अधिक आरामदायक और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करते हैं जिससे आम यात्री को बहुत राहत मिलती है. इन प्रगतियों के साथ भारतीय रेलवे का लक्ष्य यात्रा को सुरक्षित और आरामदायक बनाना तथा सामान्य श्रेणी में अधिक यात्रियों को स्थान देना है. ताकि सभी के लिए पहुंच और आराम सुनिश्चित हो सके. बता दें कि ट्रेनों के दो तरह के कोच होते हैं. इसमें एक आईसीएफ कोच और दूसरा एलएचबी कोच शामिल है. एलएचबी कोच कोच लाल रंग के होते हैं. वहीं आईसीएफ कोच नीले रंग के होते हैं. इन दोनों ही कोचों में तकनीकी रूप से कई अंतर होते हैं.

### हिमाचल सरकार सुक्खू प्राइवेट लिमिटेड के रूप में कर रही काम - राजेंद्र राणा

**हमीरपुर, एजेंसी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राणा ने बुधवार को आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश की सरकार सुक्खू प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनकर काम कर रही है। राणा ने हमीरपुर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सबसे ज्यादा झूठ बोलने वाले मुख्यमंत्री बन गए हैं। जनता के बीच गारंटी पूरी करने का झूठ और भ्रम फैलाया जा रहा है। ओल्ड पेंशन के नाम पर जनता को गुमराह किया जा रहा है। कितने लोगों को यह मिली है, इसकी जानकारी जनता को सरकार क्यों नहीं देती है? महिलाओं को 1,500 रुपये देने का वादा भी पूरा नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि आज ऐसा लग रहा है कि प्रदेश में प्राइवेट लिमिटेड कंपनी सरकार चल रही है। नियमों को ताक पर रखकर तमाम काम हो रहे हैं। अधिकारियों की नियुक्ति में और उनके प्रमोशन में भेदभाव किया जा रहा है। सरकार में दिल खोलकर कैबिनेट रैंक बांटने का काम हुआ है। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार को अपने दो साल का जश्न नहीं बल्कि जनता को धोखा देकर उन्हें प्रताड़ित करने के लिए अफसोस करना चाहिए। प्रदेश को हजारों करोड़ के कर्ज में डुबो दिया गया है और सुक्खू सरकार जश्न मनाने में जुटी हुई है।

### सच सामने न आये इसलिए विपक्षी नेताओं को संभल जाने से रोका जा रहा : संदीप दीक्षित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने बुधवार को उत्तर प्रदेश और दिल्ली सरकार पर जुबानी हमला बोला। समाचार



एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए उन्होंने उत्तर प्रदेश में हाल में हुई संभल हिंसा को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की। संदीप दीक्षित ने आरोप लगाया कि योगी आदित्यनाथ की सरकार देश के विपक्षी नेताओं को संभल जाने से रोक रही है, क्योंकि उन्हें डर है कि सच सामने आ जाएगा और उनकी कानून-व्यवस्था की छवि को नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति में यह परंपरा रही है कि जब कहीं हिंसक घटना होती है, तो नेता वहां जाकर लोगों के बीच रहते हैं, सच्चाई जानने की कोशिश करते हैं। लेकिन, उत्तर प्रदेश सरकार सच को सामने आने से रोकना चाहती है। उत्तर प्रदेश में संभल जैसी घटनाओं के बाद हिंसा हुई। इस घटना से वहां की पुलिस और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठे हैं। सरकार इस बात से घबराई हुई है कि अगर सच्चाई सामने आई, तो योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था की जो छवि बनाई गई है, वह पूरी तरह से ध्वस्त हो जाएगी। दीक्षित ने दिल्ली और पंजाब में कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर भी अपनी आलोचना की। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने जो सीसीटीवी लगाने का वादा किया था, वह एक ढकोसला साबित हुआ है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या कोई भी अपराध दिल्ली में ऐसा हुआ है जो सीसीटीवी में कैद हो गया हो? क्या दिल्ली के हर कोने में सीसीटीवी लगाने का वादा सिर्फ एक दिखावा था? उन्होंने मशहूर गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का जिक्र करते हुए पंजाब में भी बिगड़ी कानून-व्यवस्था की ओर ध्यान आकर्षित कराया। उन्होंने कहा कि पंजाब में ड्रग्स की समस्या लगातार बढ़ रही है। पहले हिमाचल से और अन्य राज्यों से जो ड्रग्स आता था, वह अब तीन-चार गुना महंगा हो गया है। पंजाब पुलिस इसे नियंत्रित करने में असफल रही है। आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि केजरीवाल और उनकी सरकार पंजाब की समस्याओं पर ध्यान नहीं देतीं। पंजाब में बढ़ते अपराध और ड्रग्स की समस्या को अरविंद केजरीवाल नजरअंदाज करते हैं।

### वैष्णोदेवी मंदिर के आसपास दो महीने तक शराब और मांसाहारी भोजन पर प्रतिबंध



**जम्मू , एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णोदेवी मंदिर जाने वाले तीर्थयात्रियों के आधार शिविर कटरा में शराब और मांसाहारी भोजन की बिक्री, रखने और सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह प्रतिबंध कटरा से त्रिकुटा पहाड़ी पर स्थित पवित्र गुफा तक 12 किलोमीटर के मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में लागू रहेगा। उन्होंने कहा कि यह आदेश जारी होने की तिथि से दो महीने तक लागू रहेगा। अधिकारियों ने बताया कि कटरा के उप मंडल मजिस्ट्रेट पीयूष धोत्रा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत कटरा और आसपास के इलाकों में शराब और अंडे, चिकन, मटन और समुद्री भोजन सहित मांसाहारी भोजन की बिक्री, रखने और सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया है।

# बगीचे में अखबार पढ़ रहे शशि थरूर की छाती से लिपट गया बंदर, केला खाया और फिर...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता शशि थरूर अक्सर अंग्रेजी भाषा की अपनी शब्दावली के लिए सुर्खियों में रहते हैं, लेकिन बुधवार को उन्हें अपने घर पर एक बंदर के साथ कुछ ऐसा असाधारण अनुभव हुआ कि वो सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बन गया। जब थरूर अपने दिल्ली स्थित आवास में कुर्सी पर बैठकर अखबार पढ़ रहे थे, तभी एक बंदर वहां आ गया और उनकी छाती से लिपट गया। इस दौरान, थरूर ने बंदर को खिलाने के लिए केले भी दिए, जिसके बाद वह अपना सिर उनकी छाती से टिकाकर सो गया।

कांग्रेस सांसद ने बंदर से हुई इस मुलाकात की तस्वीरें एक्स पर साझा कीं और अपने अनुभवों का जिक्र किया है। थरूर ने कहा, आज एक असाधारण अनुभव हुआ। जब मैं आज सुबह अपने आवास के बगीचे में बैठा था, समाचार पत्र पढ़ रहा था, एक बंदर आया, सीधे मेरे पास पहुंचा और मेरी गोद में बैठ गया। उसे मैंने दो केले दिए जो उसने खा लिए। उसने मुझे गले लगाया और अपना सिर मेरी छाती पर रख दिया और झपकी ली। थरूर ने कहा, मैं धीरे से उठने लगा, वह उछलकर दूर चला गया।

शशि थरूर ने आगे लिखा, वन्यजीवों के प्रति श्रद्धा हममें समाहित है। हालांकि मैं बंदर के काटने के जोखिम के बारे में थोड़ा चिंतित था (जिसके लिए रेबीज के टीके लगवाने की आवश्यकता होती), मैं शांत रहा और उसकी



उपस्थिति को खतरे से मुक्त मानकर उसका स्वागत किया। मैं संतुष्ट हूं कि



मेरा विश्वास सही साबित हुआ और हमारी मुलाकात पूरी तरह से

शांतिपूर्ण और सौम्य रही। थरूर ने कई तस्वीरें भी शेयर की हैं, जिसमें बंदर उनकी छाती से लिपटा नजर आ रहा। ये फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं।

**क्या बोल रहे लोग :** थरूर के इस पोस्ट पर यूजर्स काफी तारीफ कर रहे हैं। कुछ ही घंटों में पोस्ट पर तीन लाख से ज्यादा व्यूज आ गए। एक यूजर ने लिखा कि ये हमारे पूर्वज हैं सर। वहीं, एक और यूजर ने मजे लेते हुए कहा कि वह आपसे इंग्लिश सीखना चाहता होगा। एक और यूजर ने थरूर और बंदर की एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि प्यार को बिना शब्दों के भी व्यक्त किया जा सकता है। कई यूजर्स ने इस पोस्ट पर दिल वाले स्माइलीज भी बनाए हैं।

# भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह ने असम में गोमांस पर प्रतिबंध का किया स्वागत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आर.पी. सिंह ने असम सरकार द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर गोमांस खाने पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने बुधवार को आईएएनएस से कहा कि यह कदम देश की सनातन सभ्यता के अनुकूल है, जहां गाय को माता का दर्जा दिया जाता है। गोमांस पर प्रतिबंध लगाना बहुत जरूरी था और असम ने इस मामले में नेतृत्व किया है।




आर.पी. सिंह ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में गाय को माता मानते हैं और इस देश में गोमांस का सेवन उचित नहीं है। असम सरकार के इस कदम का पूरा देश स्वागत करता है और हमें उम्मीद है कि बाकी राज्य भी इस फैसले का अनुसरण करेंगे। गोमांस पर प्रतिबंध एक संदेश भेजता है, जो पूरे सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए महत्वपूर्ण है। हमें उम्मीद है कि बाकी धर्मों के लोग इस कदम को समझेंगे और यह सोचेंगे कि जब हिंदू धर्म में गाय को माता के रूप में पूजा जाता है, तो गोमांस कैसे खाया जा सकता है? उन्होंने आगे कहा कि असम सरकार के इस कदम से देश में गोमाता के प्रति श्रद्धा और सम्मान को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि गोमांस पर प्रतिबंध का मुद्दा सिर्फ असम तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह पूरे देश में सनातन संस्कृति के अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है। उल्लेखनीय है कि असम की हिमंत बिस्वा सरकार ने गोमांस को बैन करने का फैसला लिया है। प्रदेश सरकार ने राज्य के होटल-रेस्टोरेंट में और सार्वजनिक समारोहों में गोमांस खाने और परोसने पर प्रतिबंध लगा दिया है। राज्य कैबिनेट की आज हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। मुख्यमंत्री सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी। इस फैसले के बाद से देश भर से प्रतिक्रियाएं आई हैं, और बीजेपी नेताओं ने इसे स्वागत योग्य कदम बताया है।

# सलमान खान के सेट पर हंगामा मचाने वाला संदिग्ध एक जूनियर आर्टिस्ट

**मुंबई , एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के सेट पर हंगामा मचाने वाले संदिग्ध का नाम सतीश वर्मा है। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि वो एक जूनियर आर्टिस्ट है। 4 दिसंबर को शूटिंग स्थल पर अचानक एक शख्स घुस आया था जब उसे सिक्योरिटी गार्ड ने रोकने की कोशिश की, तो धमकी भरे लहजे में कहा था कि लॉरेंस को बुलाऊं क्या? जिसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया था। वो अभी पुलिस हिरासत में है। पुलिस उससे इस मामले के संबंध में पूछताछ कर रही है। लेकिन, पूछताछ में कोई भी संदिग्ध तथ्य सामने नहीं आया है।

पुलिस के मुताबिक, सतीश वर्मा जूनियर आर्टिस्ट का काम करता है। वो सलमान खान के सेट पर इसलिए घुसा, ताकि वो अभिनेता के साथ तस्वीरें क्लिक करा सके। लेकिन, सेट पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोक दिया। इस पूरे वाकये के दौरान सलमान खान सेट पर मौजूद नहीं थे। इस घटना की पुलिस गंभीरतापूर्वक विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। बता दें कि लॉरेंस बिश्नोई ने एक टीवी साक्षात्कार में कहा था कि उसके जीवन का एकमात्र लक्ष्य सलमान खान को जान से मारना है। इससे पहले, मुंबई पुलिस ने 12 नवंबर को सलमान खान को धमकी भरे संदेश भेजने के आरोप में 24 वर्षीय एक व्यक्ति को कर्नाटक से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया था कि आरोपी का नाम सोहेल पाशा है।



मुंबई पुलिस के अनुसार, पाशा ने यह धमकी भरा मैसेज प्रसिद्धि पाने के लिए किया था। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया था, बॉलीवुड स्टार सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम से जान से मारने की धमकी मिली थी। यह धमकी वर्ली स्थित मुंबई ट्रैफिक कंट्रोल रूम को भेजे गए एक संदेश के जरिए दी गई थी। इस संदेश में ÷मैं सिकंदर हूं÷ के गीतकार का जिक्र किया गया था और कथित तौर पर गैंग की ओर से खान से 5 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई थी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान हित में उठाए मजबूत कदम : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान हित में व्यापक काम किए हैं। किसानों को योजनाओं का लाभ मिला है। बीती रात मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ से नई दिल्ली तक शताब्दी ट्रेन में सफर के उपरांत नई दिल्ली में रेलवे स्टेशन पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के कल्याण में केवल अनेक योजनाओं को लागू किया है, उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया है। किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत 6000 रुपये वार्षिक मदद दी जा रही है। इससे किसानों को बीज, खाद खरीदने में मदद मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने पहले यह दुष्प्रचार किया कि फसलों पर एमएसपी बंद हो जाएगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फसलों की एमएसपी को बढ़ाने का काम किया है। कांग्रेस के राज में किसानों को फसलों की जो एमएसपी दी जा रही थी, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन काल में डेढ़ गुना ज्यादा कर दी गई है। इसके साथ-साथ आज प्रदेश सरकार न केवल किसानों को एमएसपी का भाव दे रही है बल्कि फसल का एक-एक दाना भी खरीद रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान की फसल के खराब होने पर कांग्रेस के राज में कोई सुनवाई





नहीं थी। किसानों को मुआवजे के रूप में महज 5 से 10 रुपये मिलते थे। अब हमारी सरकार में किसानों को फसलों के खराब होने पर पूरा मुआवजा दिया जाता है। सैनी ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले जितनी भूमि पर फसल होती थी, अब प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत डेढ़ गुना भूमि में अब ज्यादा सिंचाई की जा रही है। ज्यादा क्षेत्रफल तक सिंचाई की सुविधा देने से किसान की पैदावार बढ़ाने का काम भाजपा सरकार ने किया है। प्रदेश में वर्ष 2014 के बाद धान, गेहूं व अन्य फसलों का क्षेत्रफल बढ़ा है। इसके साथ-साथ फसलों की पैदावार और किसानों की आमदनी भी बढ़ी है।

**गुरुग्राम में कंपनी के प्रतिनिधि पर हमला करने के तीन आरोपी गिरफ्तार : गुरुग्राम , एजेंसी।** पीड़ित की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी साहिल, पुनीत और चमन को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें बुधवार को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। गुरुग्राम पुलिस ने एक कंपनी के प्रतिनिधि (डिलीवरी एजेंट) की पिटाई करने और उससे लूटपाट करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार रात को उस समय हुई जब पीड़ित मोहम्मदपुर झारसा गांव में सामान पहुंचाने गया था। पुलिस ने बताया कि तीनों युवकों ने उसे रोककर डंडों से पीटा। वे उसका मोबाइल फोन और सामान लूटकर भाग गए। उसने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी साहिल, पुनीत और चमन को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें बुधवार को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

जूनियर एशिया कप:

# भारत ने जीता जूनियर एशिया कप का खिताब



## फाइनल में पाकिस्तान को 5-3 से चटाई धूल

**मस्कट, एजेंसी।** अराइजीत सिंह हुंदल के चार गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने बुधवार को यहां पुरुष जूनियर एशिया कप के फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 5-3 से हराकर खिताब की हैट्रिक बनाई। यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट में भारत का 5वां खिताब है।

इससे पहले भारत ने 2004, 2008, 2015 और 2023 में यह खिताब जीता था। कोविड-19 महामारी के कारण यह टूर्नामेंट 2021 में आयोजित नहीं किया गया। हुंदल ने चौथे, 18वें और 54वें मिनट में 3 पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और 47वें मिनट में मैदानी गोल दागा। भारत के लिए एक अन्य गोल दिलराज सिंह (19वें मिनट) ने किया।

पाकिस्तान के लिए सूफियान खान (30वें और 39वें मिनट) ने 2 पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला जबकि हन्नान शाहिद ने तीसरे मिनट में मैदानी गोल किया। इससे पहले जापान ने मलेशिया को 2-1 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। पाकिस्तान ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत की और तीसरे मिनट में ही शाहिद के मैदानी गोल से बढ़त बना ली। भारत ने कुछ सेकेंड बाद ही अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया जिससे हुंदल ने शक्तिशाली ड्रैग फ्लिक पर पाकिस्तान के गोलकीपर के दाईं ओर से गोल में पहुंचाकर टीम को बराबरी दिला दी। दूसरे क्वार्टर में भारत ने अपने खेल में सुधार किया और 18वें मिनट में अपना दूसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जिससे हुंदल ने गोल में बदला।

एक मिनट बाद दिलराज के एक बेहतरीन मैदानी गोल करके भारत की बढ़त को 3-1 कर दिया। पाकिस्तान ने 30वें मिनट में सूफियान के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल से स्कोर 2-3 किया। सूफियान ने 39वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर पाकिस्तान को बराबरी दिला दी।

भारत ने अंतिम क्वार्टर में 47वें मिनट में अपना तीसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन हुंदल के शॉट को पाकिस्तान के गोलकीपर मुहम्मद जंजुआ ने बचा लिया। हुंडल ने हालांकि कुछ सेकंड बाद ही मैदानी गोल दागकर भारत को फिर से बढ़त दिला दी। भारत ने अंतिम 10 मिनट में पाकिस्तान पर कड़ा दबाव बनाया और कुछ और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए और हुंदल ने एक बार फिर बेहतरीन वैरिएशन से गोल करके टीम की 5-3 से जीत सुनिश्चित की।

## एडिलेड टेस्ट में राहुल-जायसवाल ही ओपनिंग करेंगे: रोहित शर्मा



**एडिलेड, एजेंसी।** पर्थ में पहला टेस्ट जीतने के बाद अब टीम इंडिया का काफिला एडिलेड पहुंच चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने पिंक बॉल टेस्ट के लिए प्लेइंग-11 का ऐलान कर दिया है और अब सब की नजर टीम इंडिया की प्लेइंग-11 पर है। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की वापसी के साथ टीम इंडिया और अधिक मजबूत हो गई है, लेकिन एक नया टीम कॉम्बिनेशन तैयार करना कोच गौतम गंभीर के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। इस बीच भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी की सराहना करने हुए कहा कि एडिलेड में भी हमारी ओपनिंग जोड़ी यही होगी। शुक्रवार से एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रहे गुलाबी गेंद टेस्ट में पारी की शुरुआत इन दोनों बल्लेबाजों के कंधों पर ही रहेगी। पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में राहुल और जायसवाल ने टीम की जीत की नींव रखी थी। रोहित ने गुरुवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ÷केएल (एडिलेड में) ओपनिंग करेंगे। जायसवाल के साथ उनकी साझेदारी ने उस पहले टेस्ट की जीत में अहम भूमिका निभाई। जिस तरह से उन्होंने भारत के बाहर बल्लेबाजी की है, वह इसके हकदार हैं। मैं मध्यक्रम में कहीं बल्लेबाजी करूंगा। यह काफी सरल निर्णय था। व्यक्तिगत रूप से, यह आसान नहीं था (बल्लेबाज के तौर पर) लेकिन टीम के लिए यह एक आसान निर्णय था। पारिवारिक कारणों के चलते रोहित शर्मा पहले टेस्ट मैच से बाहर थे।

## एडिलेड टेस्ट में इतिहास रचने को तैयार विराट कोहली, डॉन ब्रैडमैन के वर्ल्ड रिकॉर्ड की कर लेंगे बराबरी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024 का पहला टेस्ट पर्थ में खेला गया था। लंबे समय से खराब फॉर्म से गुजर रहे विराट कोहली का बल्ला उस मैच में जमकर बोला। उन्होंने अपने टेस्ट करियर का 30वां शतक लगाते हुए अपनी फॉर्म भी हासिल की। उस सेंचुरी से किंग कोहली ऑस्ट्रेलिया में जाकर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। वहीं अब कोहली के निशाने पर दिग्गज डॉन ब्रैडमैन का वर्ल्ड रिकॉर्ड है।

**एडिलेड में डॉन ब्रैडमैन के वर्ल्ड रिकॉर्ड की कर सकते हैं बराबरी**

ऑस्ट्रेलिया के सर डॉन ब्रैडमैन के नाम किसी देश जाकर विदेशी खिलाड़ी द्वारा सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने 1930 से 1948 के बीच इंग्लैंड जाकर इंग्लैंड के खिलाफ 11 शतक लगाए थे। उन्होंने यह कारनामा सिर्फ 11 टेस्ट मैच में किया था। अब विराट कोहली इस वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी करने से सिर्फ 1 शतक दूर हैं।

**विराट कोहली ने 43 टेस्ट में लगाए 10 शतक**

विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में 43 टेस्ट मैचों में 10 शतक बनाए हैं, उन्होंने पहला टेस्ट मैच 2011 में खेला था। इस लिस्ट में कोहली के बाद जैक हॉब्स (ऑस्ट्रेलिया में 9 शतक), सचिन तेंदुलकर (श्रीलंका में 9 शतक), सर विवियन रिचर्ड्स (इंग्लैंड में 8 शतक) और सुनील गावस्कर (वेस्टइंडीज में 7 शतक) जैसे दिग्गज खिलाड़ी हैं। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में कुल 43 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 2710 रन बनाए हैं.

## बड़ौदा ने रचा इतिहास

### 349 रन बनाकर टी20 में कायम किया सबसे बड़ा टोटल बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बड़ौदा की टीम ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में कमाल करते हुए टी20 क्रिकेट का सबसे बड़ा टोटल बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड कामय कर दिया. टूर्नामेंट में सिक्किम के खिलाफ खेले जा रहे मुकाबले की पहली पारी में बैटिंग करते हुए बड़ौदा ने 20 ओवर में 349/5 रन बोर्ड पर लगा दिए. यह अब तक टी20 क्रिकेट (टी20 इंटरनेशनल में भी) इतिहास का सबसे बड़ा टोटल बन गया.

इससे पहले टी20 क्रिकेट में सबसे बड़ा टोटल बनाने का रिकॉर्ड जिम्बाब्वे का नाम पर दर्ज था. 23 अक्टूबर, 2024 को जिम्बाब्वे ने गाम्बिया के खिलाफ खेले गए मुकाबले में 20 ओवर में 344/4 रन बोर्ड पर लगाए थे.

**सबसे बड़े टोटल के अलावा बने कई और रिकॉर्ड**

बड़ौदा ने सिक्किम के खिलाफ खेले गए मुकाबले में टी20 इतिहास का सबसे बड़ा टोटल बनाने के अलावा एक टी20 पारी में सबसे ज्यादा 37 छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी कायम किया. इसके अलावा टी20 मुकाबले की एक पारी में बाउंड्री (छक्के और चौके) की मदद से सबसे ज्यादा 294 रन बनने का रिकॉर्ड भी कामय हुआ. यह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के इतिहास में पहला 300 से ज्यादा का स्कोर रहा. इससे पहले टूर्नामेंट में सबसे बड़ा स्कोर पंजाब ने पिछले सीजन यानी 2023 में बनाया था. पंजाब ने आंध्र प्रदेश के खिलाफ मुकाबले में 20 ओवर में 275/6 रन बनाए थे.

**ऐसा रहा पूरी पारी का हाल, भानु पनिया ने जड़ा शतक**

मुकाबले में बड़ौदा ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला किया और 20 ओवर में 349/5 रन बोर्ड पर लगा दिए. इस दौरान टीम के लिए भानु पनिया ने सबसे बड़ी पारी खेलते हुए 51 गंदों में 5 चौके और 15 छक्को की मदद से 134* रन बनाए.

इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 262.75 रनों का रहा. इसके अलावा शिवालिक शर्मा, अभिमन्यु सिंह और विष्णु सोलंकी ने ताबड़तोड़ अर्धशतक जड़े. शिवालिक ने महज 17 गेंदो में 3 चौके और 6 छक्कों की मदद से 55 रन बनाए. इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 323.53 का रहा. इसके अलावा अभिमन्यु सिंह ने 17 गेंदों में 4 चौके और 5 छक्कों की मदद से 53 रन स्कोर किए. इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 311.76 का रहा.

## अभिषेक शर्मा ऐसे गरजे की सहम गया मेघालय, 28 गेंद शतक ठोक कर ली उर्विल की बराबरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल लेवल पर टी20 क्रिकेट में ओपनर बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का बल्ला पिछले कुछ दिनों से नहीं चल रहा था, लेकिन सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट 2024 में उन्होंने मेघालय के खिलाफ ऐसी पारी खेली की मैदान पर तूफान आ गया।

अभिषेक ने अपनी तूफानी शतकीय पारी के दम पर कई रिकॉर्ड अपने नाम किए तो वहीं पंजाब को मेघालय पर 7 विकेट से जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई। इस मैच में मेघालय ने पंजाब के खिलाफ पहले खेलते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 143 रन बनाए और इसके जवाब में पंजाब ने 9.3 ओवर में 3 विकेट पर 144 रन बनाकर मैच को जीत लिया और ये कमाल अभिषेक की नाबाद 106 रन की पारी के दम पर संभव हुआ। उन्होंने ये पारी 29 गेंदों पर 11 छक्के और 8 चौकों की मदद से खेली। अभिषेक शर्मा को उनकी इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**अभिषेक ने ठोका टी20 का सबसे तेज शतक**

पंजाब के कप्तान अभिषेक शर्मा ने मेघालय के खिलाफ 28 गेंदों पर शतक लगाया और वो भारत की तरफ से टी20 क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले की लिस्ट में उर्विल पटेल के साथ संयुक्त रूप से पहले नंबर पर आ गए। उर्विल ने सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट 2024 में ही कुछ दिनों पर 28 गेंदों पर शतक लगाया था।

भारत की तरफ से टी20 में सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज ऋषभ पंत हैं जिन्होंने ये कमाल 32 गेंदों पर किया था तो वहीं रोहित शर्मा ने ऐसा 35 गेंदों पर किया था और वो तीसरे नंबर पर हैं।

## हरभजन सिंह और एमएस धोनी के बीच में आई दरार?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि 10 सालों से उनकी एमएस धोनी से बात नहीं हुई. भज्जी ने इस खुलासे से सभी को चौंका दिया. हरभजन ने कहा कि मैदान के बाहर धोनी से बात किए हुए उन्हें 10 साल से भी ज्यादा वक्त गुजर गया. भज्जी ने कहा कि उनकी बाकी तमाम साथी क्रिकेटर्स के बात होती है, लेकिन धोनी से नहीं. भज्जी 2018 और 2019 में चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा रहे. हरभजन ने बताया कि इसी दौरान दोनों की फील्ड पर बात हुई. इसके अलावा दोनों के बीच बातचीत हुए 10 साल से ज्यादा का वक्त गुजर गया है. करते हुए भज्जी ने कहा, धोनी से मेरी बात नहीं होती है. जब सीएसके में खेल रहा था तभी बातचीत होती थी. 10 साल से भी ज्यादा हो गए बात नहीं हुई. कोई वजह नहीं है बात ना करने की. शायद उसके पास कोई वजह हो, तो मुझे नहीं पता कि क्या वजह है.



पूर्व साथी ने स्टार फुटबॉलर को लेकर किया बड़ा दावा

## इस्लाम अपनाना चाहते हैं क्रिस्टियानो रोनाल्डो



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पुर्तगाल के फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को लेकर उनके पूर्व साथी फुटबॉलर ने बड़ा दावा किया है। रोनाल्डो अल नस्र के लिए खेलते हैं। इसी क्लब के पूर्व गोलकीपर अब्दुल्ला वलीद का कहना है कि रोनाल्डो इस्लाम अपनाना चाहते हैं। अब्दुल्ला ने यह भी कहा कि स्टार फुटबॉलर खुद यह इच्छा जाहिर की है। एक टीवी शो में अब्दुल्ला ने कहा कि रोनाल्डो ने सउदी अरब में आकर इस्लाम की इज्जत करने लगे हैं। वह चाहते हैं कि वह इसे अपनाए। उन्होंने कहा, 'रोनाल्डो वाकई में इस्लाम कबूलना चाहते हैं। मैंने उससे बात की है और उसने दिलचस्पी दिखाई है। वह अभी से गोल करने के बाद सजदा करने लगे हैं।

वह हमेशा खिलाड़ियों को दुआ करने और इस्लामिक प्रैक्टिस करने को कहते हैं। साउदी अरब के पूर्व स्टार फुटबॉलर ने बताया कि रोनाल्डो खुद ही ट्रेनिंग के दौरान कोच से कहते हैं कि अजान के समय खिलाड़ियों को ब्रेक दिया जाए ताकि वह नमाज पढ़ सके। अपनी जारी रखते हुए कहा, 'शुरुआत में मैं रोनाल्डो के काफी करीब था। वह सउदी अरब के कल्चर को नहीं समझता था। उसे यह सब जानने में बहुत दिलचस्पी थी। वह बहुत सवाल करता था।

पिछले साल मई में उन्होंने गोल करके सजदा किया तो सभी खिलाड़ियों ने अल्लाह-हो-अकबर कहा था।' साल 2023 में रोनाल्डो के अल नासर में जाने से पहले भी ऐसी ही रिपोर्ट्स आई थीं। एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि पूर्व रियल मैड्रिड टीम के साथी खिलाड़ी मेसुत ओज़िल और करीम बेंजेमा ने उन्हें मुसलमान बनने के लिए मनाने की कोशिश की थी।

**रोनाल्डो ने 2022 में किया था नस्त्र**

रोनाल्डो 2022 से पहले मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ नाता खत्म करने के बाद इस दिग्गज खिलाड़ी ने शुक्रवार को सऊदी के इस बड़े क्लब के साथ डील फाइनल की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह डील 1700 करोड़ (200 मिलियन यूरो) से ज्यादा की है। उन्होंने जून 2025 तक के लिए अल नासर के साथ डील की है।



## भारतीय बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन, ऑस्ट्रेलिया की आसान जीत

**ब्रिस्बेन, एजेंसी।** बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण भारत को पहले महिला एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलिया से 202 गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 34.2 ओवर में 100 रन पर आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने 16.2 ओवर में पांच विकेट पर 102 रन बनाकर तीन मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की।

छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया भी बीच में थोड़ी देर के लिए लड़खड़ा गया था जब तेज गेंदबाज रेणुका सिंह (45 रन देकर तीन विकेट) ने एक ओवर में दो विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया को इसके अलावा हालांकि लक्ष्य हासिल करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। अपना पहला वनडे खेल रही सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल (42 गेंदों पर नाबाद 46) ने सहजता से बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की आसान जीत सुनिश्चित की। उन्होंने अपनी पारी के दौरान रेणुका सिंह पर काउ कॉर्नर क्षेत्र में दर्शनीय छक्का भी लगाया था। उनकी सलामी जोड़ीदार फोएबे लीचफील्ड (29 गेंदों में 35 रन) ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। इन दोनों ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरुआत दिलाई। लीचफील्ड ने लगातार छह चौके लगाए, जिनमें से चार रेणुका और दो अपना पहला वनडे खेल रही तेज गेंदबाज टिटास साधु की गेंदों पर लगे।

दूसरा वनडे आठ दिसंबर को यहां एलन बॉर्डर फील्ड में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया की बड़ी जीत की नींव तेज गेंदबाज मेगन शुट्ट ने रखी।

## तालिबान सरकार के फैसले पर राशिद खान ने अपनाया कड़ा रुख

### अफगानिस्तान की महिलाओं के लिए उठाई आवाज



**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान मौजूदा वक्त में दुनिया के सबसे मशहूर क्रिकेटर्स में शुमार किए जाते हैं. राशिद को क्रिकेट खेलने वाले तमाम देशों में पसंद किया जाता है.

उन्होंने अपने खेल से एक अलग ही छाप छोड़ी है. राशिद अफगानिस्तान की एक बड़ी आवाज हैं. उन्होंने देश की तालिबान सरकार के एक फैसले पर कड़ा रुख अपनाते हुए महिलाओं के लिए आवाज बुलंद की.

दरअसल, अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने महिलाओं को मेडिकल इंस्टीट्यूट में पढ़ाई करने से बैन कर दिया है. च्द्धड्डद्बद्ध प्रेस के मुताबिक, काबुल में दाई और नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स को इंस्टीट्यूट में एंट्री करने से रोक दिया गया. उन्हें मौखिक रूप से तालिबान सरकार के आदेशों का हवाला देते हुए कहा गया कि फिलहाल क्लास सस्पेंड हैं.

इस मुद्दे पर आवाज बुलंद करते हुए राशिद खान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, इस्लामी शिक्षा में शिक्षा एक केंद्रीय स्थान रखती है, जो पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए ज्ञान की खोज पर जोर देती है. कुरान सीखने के महत्व पर प्रकाश डालता है और दोनों जेंडर के समान आध्यात्मिक मूल्य को स्वीकार करता है. राशिद ने आगे लिखा, मैं गहरे दुख और निराशा के साथ अफगानिस्तान की बहनों और माताओं के लिए हाल ही में एजुकेशनल और मेडिकल इंस्टीट्यूट के बंद होने पर विचार करता हूं.

## मैं हाथ उठाकर बोल सकता हूं बुमराह अभी तीनों फार्मेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज है: रिकी पोंटिंग



**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज रिकी पोंटिंग ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज के रूप में सराहना की है।

पिछले हफ्ते बुमराह की कप्तानी में भारत ने पर्थ के मैदान पर खेले गए पहले टेस्ट में 295 रनों की जीत हासिल की थी। बुमराह ने पहली पारी में पांच विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को 104 रनों पर रोक दिया था। फ्रंट-लाइन पेसर मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति में बुमराह ने सिराज, हर्षित राणा और नितीश रेड्डी के साथ शानदार गेंदबाजी की। बहरहाल, पोंटिंग ने कहा कि कप्तान के लिए खड़ा होना बहुत महत्वपूर्ण होता है। मुझे लगता है कि उसने सभी को दिखाया कि वह खेल के सभी प्रारूपों में स्पष्ट रूप से दुनिया का सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज क्यों है।

पहले दिन ऑस्ट्रेलिया को फायदा हुआ क्योंकि भारत 150 रन पर आउट हो गया। लेकिन इसके बाद बुमराह ने ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को तोड़ दिया, जिससे उनका स्कोर 19/3 हो गया, नाथन मैकस्वीनी, उस्मान ख्वाजा और स्टीवन स्मिथ सभी पहले सात ओवरों के अंदर उनके शिकार बन गए। पोंटिंग ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे उन्होंने टेस्ट में खुद को हर दूसरे खिलाड़ी से अलग दिखाया। पोंटिंग ने कहा कि उन्होंने वहां क्या किया, न केवल पहली पारी में बल्कि पूरे खेल में? उनकी गति, उनकी निरंतरता, गेंद को हिलाने की उनकी क्षमता, लगातार स्टंप्स को चुनौती देने और स्टंप्स को हिट करने की उनकी क्षमता, यह उनके और बाकी गेंदबाजों के बीच का अंतर था। जब पोंटिंग से बुमराह के कद के बारे में उनकी राय पूछी गई तो वह भड़क गए। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि वह निश्चित तौर पर भारत के महानतम तेज गेंदबाज हैं। उनसे पहले के कई महान खिलाड़ियों ने तीनों प्रारूपों में उतना नहीं खेला जितना उन्होंने खेला है।

पोंटिंग ने कहा कि मैं अपना हाथ ऊपर उठाकर कह सकता हूं कि टी20 क्रिकेट, वनडे क्रिकेट और टेस्ट मैच क्रिकेट में वह अभी स्पष्ट रूप से सर्वश्रेष्ठ हैं। पोंटिंग ने कहा कि यह सब विकेट के बारे में नहीं है। यह लंबे समय तक उच्च स्तर पर प्रदर्शन करने के बारे में है।

# जिला पंचात में पदस्थ डाटा एन्ट्री आपरेटर नें किया भारी फर्जीवाड़ा, लाखो का कमीशन डकार गये

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा शिकायत होने के बावजूद नहीं की कोई कार्यवाही, सिर्फ शाखा से किया अलग, डाटा एन्ट्री आपरेटरो को मिले शाखाओं के प्रभार**



**पन्ना।** जिला पंचायत पन्ना जों जिले की प्रमुख संस्था है तथा शासन के आदेश निर्देशो का पालन कराने के लिए जिम्मेवार है, एवं जिला पंचायत के माध्यम से जिले की सभी जनपद पंचायतो एवं ग्राम पंचायतो में जिला पंचायत के निर्देशानुसार ही कार्य संचालित होते है तथा शिक्षा विभाग में भी जिला पंचायत के आदेश लागू होते है, लेकिन जिला पंचायत में ही मनमाने ढंग से नियम कानून को ताक पर रखकर कर्मचारी कार्य कर रहें है, शासन के निर्देशानुसार जिले में संलग्नी करण प्रकिया के संबंध मे आदेश जारी किये गये थे तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सभी विद्यालयों एवं अन्य संस्थाओं को आदेश जारी करते हुए लेख किया गया था कि कोई भी शिक्षक एवं कर्मचारी संगलग्न नहीं किया जाये लेकिन जिला पंचायत में ही नियम विरूद्ध दर्जनो कर्मचारी संलग्न है तथा बिना योग्यता के विभिन्न शाखाओं का संचालन कर रहे है, अधिकांश शाखाओं का संचालन शाखा प्रमुख एवं वरिष्ट लिपिक के माध्यम से किया जाना चाहीए, लेकिन उक्त शाखाओं का संचालन कम्प्यूटर चलाने वाले डाटा एन्ट्री आपरेटर कर रहें है। अवैध रूप से मनरेगा के प्रभारी परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार कार्य करते रहें है। जबकी जिला पंचायत के नाम पर उनका कोई भी आदेश शासन द्वारा नहीं किया गया है। उनकी वेतन एवं पदस्थापना आज भी जनपद पंचायत पन्ना में है। इसी प्रकार विक्रमपुर माध्यमिक विद्यालय में चपरासी के पद पर पदस्थ संचिन समारी को जिला पंचायत में अटैच कर विधि शाखा का प्रभार दिया गया है। जिला पंचायत में ही आई डब्लू एम पी में पदस्थ रहें डाटा एन्ट्री आपरेटर राम नजर पटेल को पन्द्रहवें वित्त सहित अन्य निर्माण कार्यो की राशि संबंधित कार्य वर्षो से दिये गये थें, जिसमें श्री पटेल द्वारा निर्माण कार्य स्वीकृत करने की एवज में जमकर कमाई की गई, तथा सरपंच, सचिवों एवं जिम्मेवार लोगो से भारी कमीशन वसूला गया है। उक्त शाखा से आदिम जाति कल्याण विभाग के माध्यम से ग्राम पंचायतो को निर्माण कार्यो के लिए राशि जारी की जाती है, जिसमें इनके द्वारा उन्ही ग्राम पंचायतो को निर्माण कार्य की राशि दी गई, जिन्होने बकायदा कमीशन पूर्व से दिया है। इसके अलावा आदिम जाति विभाग के ही ठेकेदारो से भी कमीशन लिया गया है। क्योंकि उक्त राशि इन्ही की शाखा से जारी की गई है। उक्त मामले को लेकर श्री पटेल का ठेकेदार से बात करते हुए एक आडियो भी वायरल हुआ था, जिसकी शिकायत जिला कलेक्टर से भी की गई थी, कलेक्टर सुरेश कुमार ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय को कार्यवाही करने के निर्देश दिये थें। लेकिन मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा श्री पटेल को सिर्फ शाखा से अलग किया गया, इसके अलावा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जबकी श्री पटेल द्वारा करोड़ो रूपये के निर्माण कार्यो में व्याप्क स्तर पर ग्राम पंचायतो तथा ठेकेदारो से आदिम जाति कल्याण विभाग तथा पन्द्रहवें वित्त की राशि में भारी कमीशन वसूला गया है। स्थानीय लोगो ने संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

## पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में साईबर सिक्यूरिटी तथा यातायात का कार्यशाला संपन्न

**पन्ना।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में साइबर सिक्यूरिटी एवं यातायात पर कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती आरती सिंह एवं यातायात निरीक्षक सुश्री नीलम सिंह मैडम एवं उनकी टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम में विभिन्न साइबर क्राइम के बारे में विस्तार से समझाया गया एवं इसमें बचाव के तरीके भी बताए गए। यातायात सुरक्षा की भी चर्चा की गई और यातायात के नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य अरविन्द त्रिपाठी ने भी विद्यार्थियों से दोनों विषय पर चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश द्विवेदी, डी बी चतुर्वेदी, मूलचंद सिंह हरगोविंद कुर्मी, कौशल कोरी, श्रीमती पूजा, श्रीमती नीलोफर, श्रीमति रुचि खरे, संतोष साहू, सुभाष पांडेय, जीवन लाल सिद्धार्थ, सुरेंद्र कुशवाहा, ओमप्रकाश, जितेंद्र, बुद्धसेन, सुखलाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अंशुमान रेल और श्रीमती शिवांगी जैन ने किया।

# बस स्टैन्ड के दुकानदारो द्वारा किया जा रहा पेयजल के पानी का भारी दुरुपयोग

**सड़क पर बहाया जाता है सैकड़ो गैलन पानी**



**पन्ना।** जहा एक ओर नगर पालिका के द्वारा नगर के लोगो को पानी एक दिन छोडकर एक दिन सप्लाई किया जा रहा है तथा पानी का दुरपयोग रोकने के लिए प्रयास किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर बस स्टैन्ड क्षेत्र मे पानी की आपूर्ती प्रतिदिन तथा सारे समय होने के चलते दुकानदारो द्वारा जमकर पेयजल पानी का दुरपयोग किया जाता है। बस स्टैन्ड में सटक लगाकर पानी बहाया जाता है। तथा सैकड़ो गेलन पानी सड़क पर फैका जा रहा है। उक्त संबंध में यदि कोई मना करता है तो उक्त होटल तथा अन्य दुकानो का संचालन करने वाले दुकानदार लड़ाई झगड़ा करने के लिए तत्पर रहते है। स्थानीय जागरूक लोगो ने नगर पालिका के जिम्मेवार अधिकारीयों से उक्त संबंध मे कार्यवाही करने की मांग की है। इसके अलावा बस स्टैन्ड में होटल, चाय, की दुकाने संचालन करने वालो के द्वारा भारी अवैध अतिक्रमण किया जाता है तथा दुकान के बाहर बेंच लगाकर अतिक्रमण किया जाता है, जिससे आम लोग परेशान होते है तथा आवा गवन प्रभावित होता है। नगर पालिका द्वारा समय समय पर कार्यवाही भी की गई, लेकिन उसका कोई असर उक्त दुकानदारो पर नहीं पड़ा है, नगर पालिका द्वारा अभी एलाउन्स भी कराया गया था जो दुकानदार अपनी दुकान से बाहर अतिक्रमण करते पाया जायेगा तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। लेकिन इसका कोई असर नहीं पड़ा है। स्थानीय लोगो ने संबंधितो के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

## जनपद अध्यक्ष शाहनगर को मातृ शोक

**पन्ना।** जिले की शाहनगर जनपद पंचायत के अध्यक्ष आशीष खरे की माता जी श्रीमती सीता खरे का दुखद निधन हो गया है। जिनका अतिंम संस्कार पांच दिसम्बर को शाहनगर स्थित शमसान घाट में किया जायेगा। उक्त दुखद समाचार को लेकर क्षेत्र के लोगो ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धाजंलि अर्पित की है तथा म्रत आत्मा को भगवान से शांति प्रदान करने एवं शोकाकुल परिवार को उक्त बज्रपात सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

# पहले दिन हीरो की हुई नीलामी

**एक करोड़ अठारह लाख के हीरे हुए नीलाम**

**पन्ना।** पहले दिन हीरो की नीलामी प्रारंभ हुई, जिसमें हीरा खरीदने वाले व्यापारीयों द्वारा बोली लगाकर एक करोड़ अठारह लाख दो हजार सात सौ अस्सी रूपये के आठ हीरे खरीदे है। जिसमें बड़ा हीरा 19.22 कैरिट का भी विक्रय हुआ है, जिसे प्रोपराईटर जिगनेश भाई गुजरात द्वारा 93 लाख 79 हजार 360 रूपये में खरीदा है। इसके अलावा 7.44 कैरिट का हीरा 17 लाख 48 हजार 400 में सतेन्द्र जड़िया द्वारा खरीदा गया है। इसके अलावा 3.85 कैरिट का हीरा 4 लाख 65 हजार 850 में पंकज साहू पन्ना द्वारा खरीदा गया है। इसी प्रकार अन्य हीरे भी खरीदे गयें है। जिसमें 6.77 वजन का मटमेला हीरा 21 हजार 964 में लोकेन्द्र जड़िया द्वारा खरीदा गया है तथा 8.35 कैरिट का हीरा अच्छी क्वाल्टी न होने के चलते 30 हजार 995 में जीतेन्द्र सोनी द्वारा खरीदा गया है। 6835 का हीरा प्रवीण जैन द्वारा खरीदा गया है। इस प्रकार अलग अलग क्वाल्टी के हीरे व्यापारीयों द्वारा एक करोड़ 18 लाख 2 हजार 780 रूपयें में नीलामी में खरीदे गयें है।

4 दिसम्बर से प्रारंभ हुई नीलामी तीन दिन और चलेगी। जिसमें अन्य हीरे व्यापारीयों द्वारा खरीदे जायेगें। हीरा कार्यालय द्वारा तीन सौ कैरिट हीरे नीलामी के लिए रखे गये है। जिसमें अभी 52.99 कैरिट के हीरे 29 थान नीलाम हुए है, शेष आगामी दिवस में रखे जायेगें। उक्त बोली मे स्थानीय तथा बाहर के महानगरों से आये व्यापारीयों द्वारा भाग लिया जा रहा है।

# कर्मचारियों के अभाव में नेहरू युवा केन्द्र में महीनो से लगा ताला

**सिर्फ स्वीपर आता है सफाई करने, कार्यालय में नहीं है कोई अधिकारी व कर्मचारी**

पन्ना




वर्तमान समय में जिस प्रकार से देश की स्थिती चल रहीं है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है, क्योकि वर्तमान सरकार द्वारा बेरोजगारी चरम पर होने के बावजूद भी शासकीय कार्यालयों में भर्ती नही कराई जा रही है, और न ही किसी प्रकार का रोजगार देने की योजना तैयार की गई है, पूर्व में पदस्थ रहें कर्मचारी अधिकारी धीरे धीरे सेवानिवृत्त हो गयें है जिससे अनेक कार्यालयों मे कर्मचारी बचें ही नहीं है तथा अनेक कार्यालय में बहुत कम कर्मचारी बचें हुए है जो आगामी समय में सेवा निवृत्त होने वालें है। केन्द्र सरकार से संबंधित पन्ना जिले में नेहरू युवा केन्द्र संचालित हो रहा है, लेकिन उक्त कार्यालय में वर्षो से अधिकारी कर्मचारी पदस्थ नहीं है। जिससे कार्यालय में ताला लटका रहता है। पूर्व में पदस्थ रहें कर्मचारी सेवा निवृत्त हो गये है। उनके स्थान पर अन्य कर्मचारीयो की भर्ती नहीं की गई है, जिससे स्थिती बहुत ही खराब है, कार्यालय में एक सफाई कर्मचारी द्वारा सुबह सिर्फ सफाई की जाती है, बाकी समय ताला लगा रहता है, कार्यालय का प्रभार छतरपुर में पदस्थ नेहरू यूवा केन्द्र समन्वयक अरविन्द यादव के पास है जो शासकीय पत्राचार वहीं से करते रहते है। जबकी नेहरू यूवा केन्द्र के माध्यम से अनेक गतिविधियां संचालित की जाती थी, जिसमें खेल कूंद प्रतियोगिताए, तथा अन्य कार्यक्रम भी संचालित होते थें। लेकिन कर्मचारी अधिकारीयों के आभाव में नेहरू युवा केन्द्र कार्यालय बंद है।

## ऋषिकेश चौरसिया को मिली पीएचडी की उपाधि

**पन्ना।** पन्ना जिले के गुनौर तहसील अन्तर्गत ग्राम गंज सलेहा निवासी ऋषिकेश चौरसिया को पीएचडी की उपाधी से सम्मानित किया गया है। जो क्षेत्र के लिए गौरव की बात है, श्री चौरसिया ग्राम पंचायत गंज से साधारण किसान परिवार में जन्मे है। इनके पिता किसान है इन्होने प्रारभिंक शिक्षा ग्राम के शासकीय विद्यालय से ही प्राप्त की है। इनके द्वारा अंतर्ज्ञानी और पाइथागोरस फ़ज़ी एंट्रॉपीज़। गणित विभाग, विषय से जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी गुना, (म.प्र.) भारत यूनिवर्सिटी से उक्त डिग्री प्राप्त की है। जिसमें इनका सहयोग पर्यवेक्षक के रूप में डॉ. दिव्या जैन द्वारा किया गया है।

# एसडीएम तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने किया सलेहा क्षेत्र का भ्रमण



**पन्ना।** आदिवासी बहुत क्षेत्र कल्दा में आगामी नौ दिसम्बर को होने वाले सामुहिक विवाह, निकाह कार्यक्रम को लेकर पवई क्षेत्र की एसडीएम समीक्षा जैन, जनपद पंचायत के सीईओ अखिलेश उपाध्याय तथा नायब तहसीलदार राजेंद्र श्रीवास्तव द्वारा क्षेत्र का भ्रमण किया गया तथा आगामी कार्यक्रम के संबंध में संबंधित अधिकारी कर्मचारीयों को दिशा निर्देश दिये गयें। इस दौरान कल्दा में संचालित स्वास्थ केन्द्र तथा अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। उप स्वास्थ केन्द्र मे भारी अव्यवस्थाओ को देखते हुए संबंधित कर्मचारीयों को जमकर फटकार लगाई। इस दौरान कल्दा में पदस्थ स्टाफ नर्स हर्षिता भारती द्वारा एसडीएम से अनुरोध किया गया कि कोई एक स्टाफ नर्स 24 घंटा लेबर रूम ओपीडी एवं अन्य सभी जगह का कार्य कैसे कर सकते हैं, उक्त बात से अवगत कराया। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें, जिसमें सरपंच कल्दा शिवकुमार सेन, सचिव अनिल सक्सेना आदि।

# बंग्लादेश में हिन्दुओं तथा अन्य अल्प संख्यको के साथ हो रहीं अमानवीय घटनाओं को लेकर सनातन एकता मंच ने सौपा ज्ञापन



**पन्ना।** पड़ोसी देश बंगलादेश में हिन्दू समाज इसाई, बौद्ध के साथ अनाचार, अत्याचार की घटनाए लगातार घट रहीं है तथा बंगला देश की सरकार के द्वारा कोई हस्ताक्षेप नहीं किया जा रहा है, जिसको लेकर सनातन चेतना मंच द्वारा महामहिम राष्ट्रपती के नाम ज्ञापन सौपकर हस्ताक्षेप करने की मांग की गई है। सनातन एकता मंच के बेनर तले पन्ना जिला मुख्यालय किशोर जी मंदिर में धरना प्रर्दशन किया गया तथा विभिन्न बिन्दुओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया। जिन बिन्दुओं को शामिल किया है उसमें हिन्दु समुदाये के घरो एवं दुकानो को आग के हवाले करने वाले तथा उनकी संपत्ति नष्ट करने वालो के खिलाफ कार्यवाही की जाये। भारत सरकार द्वारा बंगला देश सरकार के उपर दबाव डाला जाये, हिन्दु स्वामी चिनमयानन्द की रिहाई की जाये। अल्प संख्यको पर हुए अत्याचार की निशपक्ष जांच की जाये। उक्त तमाम बिन्दुओं को लेकर ज्ञापन सौपा गया है। उक्त धरना प्रदर्शन तथा ज्ञापन में पन्ना जिले से अनेक लोग शामिल रहें। जिसमें मुख्य रूप से पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, गुनौर विधायक राजेश वर्मा, भाजपा अध्यक्ष डब्बू मिश्रा, विष्णु पान्डेय, संतोष यादव तथा साधू संत एवं भारी संख्या में लोगो की उपस्थिती रही।

# निजी चिकित्सालयों में दर सूची प्रदर्शित करना अनिवार्य

**पन्ना।** आयुक्त स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा सभी निजी चिकित्सालयों (नर्सिंग होम) को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने अस्पताल में प्रदायित सभी चिकित्सकीय सेवाओं की दर सूची (रेट लिस्ट) प्रमुखता से प्रदर्शित करें। नागरिकों के हितों की रक्षा कर उन्हें बेहतर और पारदर्शी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिये यह महत्वपूर्ण है। निजी चिकित्सालयों में काउंटर पर दर सूची का प्रदर्शन अनिवार्य है। रोगी या उनके परिवारजन द्वारा मांग करने पर दर सूची दिखाना अस्पताल प्रबंधन का दायित्व भी होगा। इसके अलावा, यदि किसी अस्पताल को दर सूची में संशोधन करना हो, तो इसकी लिखित सूचना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को देना आवश्यक है। संशोधित दर सूची को भी प्रमुखता से प्रदर्शित करना होगा। इसका उद्देश्य रोगियों के अधिकारों की रक्षा करने और स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता लाना है। यह निर्देश म.प्र. उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं अधिनियम, 1973 और नियम, 1997 (यथासंशोधित 2021) के नियम 17 के अनुसार जारी किए गए हैं। सभी निजी चिकित्सालयों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे इन प्रावधानों का पालन करें। आयुक्त ने समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को इसके अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। दर सूची के बिना अतिरिक्त शुल्क लेना नियमों का उल्लंघन है। मनमानी शुल्क वसूलने की घटनाओं को रोकने के लिए सतत निरीक्षण करने के निर्देश भी दिये गए हैं।

# लोगों की जान से खिलवाड़, बेधड़क चल रहे ओवरलोड ऑटो



**पन्ना।** कस्बा सलेहा के मंगलवार के साप्ताहिक बाजार में ग्रामीण अंचलों के लोग आटो से आना जाना करते हैं आटो चालक। 5 से 6 सवारी वाले आटो में विभिन्न वास्तुओं के साथ 12 से 15 सवारी ठूंस ठूंस कर लें जाते हैं इतना ही नहीं चालक आटो के पिछले हिस्से के फाटक को खोल कर फाटक को रस्सी से बांध कर पिछले फाटक में सवारियों को बैठाते हैं जिसमें दुर्घटना की संभावना बनी रहती है आधे से ज्यादा आटो के पूरे कागजात भी नहीं रहते हैं ना ही इनके पास फिटनिस प्रमाण पत्र है आटो चालक अधिक कमाई के चक्कर में ग्रामीण लोगों की जिंदगियों से खिलवाड़ कर रहे हैं इस तरह के ओवरलोड ऑटो में हादसे की संभावना ज्यादा बनी रहती है एवं जिले में दुर्घटनाएं घट चुकी है उक्त आटों चालक यात्रियो की बगैर जान परवाह किए ठूंस ठूंस कर। अधिक कमाई के चक्कर में सवारियों को बैठाते हैं। और बेपरवाह होकर सड़क में तेज गति से चलाते हैं। सलेहा कस्बा के मुख्यमार्ग में आटो जाम की स्थिति बनाएं रहते है। सलेहा पुलिस यातायात पुलिस को उक्त मामले में यात्रियों की सुरक्षा हेतु रूकथाम करनी चाहिए। जिसमें कोई दुर्घटना न घट सके।

# बेटे को रेप केस में फंसाने की धमकी देकर ठग लिए 1.25 लाख

**सतना।** डिजिटल अरेस्ट के खिलाफ लोगों को जागरूक करने की तमाम कोशिशों के बावजूद ऐसे मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। आए दिन पीड़ित फरियाद लेकर पुलिस के पास पहुंच रहे हैं। इसी तरह का एक प्रकरण बुधवार को अमरपाटन में सामने आया, जहां इंदौर में पढ़ने वाले युवक को रेप केस से बचाने का झांसा देकर महिला से सवा लाख रुपए ऐंठ लिए गए।

पुलिस ने बताया कि नगर का ही एक छात्र इंदौर में रहकर शिक्षा प्राप्त कर रहा है। मंगलवार दोपहर को अज्ञात व्यक्ति ने उनके मोबाइल पर फोन कर बताया कि आपके बेटे के दोस्त रेप केस में लिप्त है, जिसमें बेटे का भी नाम आ रहा है।

एआई के जरिए पुलिस थाने का सेटअप और फोटो भी दिखाई गई, जिससे महिला घबरा गई और बेटे से बात किए बिना ही जालसाज के कहने पर 1 लाख 25 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। जालसाज का फोन कटने के बाद जब उन्होंने बेटे से बात की तो फर्जीवाड़े का पता चल गया। तब परिजनों के साथ बुधवार को महिला ने थाने पहुंचकर शिकायत की, लिहाजा बीएनएस की धारा में कायमी कर जांच प्रारंभ कर दी गई है।

## जिला पुरातत्व परिषद की बैठक 9 दिसम्बर को

**पन्ना।** जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद अंतर्गत गठित कार्यकारिणी समिति की बैठक सोमवार, 9 दिसम्बर को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगी। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित समिति की बैठक में पन्ना जिले में पर्यटन विकास गतिविधियों को बढ़ावा देने के संबंध में चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय ने समिति के सभी शासकीय एवं अशासकीय सदस्यों से निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# चोरी के गहने खरीदने पर सराफा व्यापारी गिरफ्तार

**सतना।** सिटी कोतवाली पुलिस ने चोरी के आरोपी से गहने खरीदने के मामले में सराफा व्यापारी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। टीआई रावेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि कंपनी बाग निवासी सहीन अंसारी 45 वर्ष, के सूने घर से 26 नवंबर को दिनदहाड़े चोरी हो गई थी, जिसकी शिकायत पर अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई और 2 दिसंबर को आरोपी प्रिंस उर्फ अजहर पुत्र मजहर हुसैन 30 वर्ष, निवासी कंपनी बाग को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी का जुर्म स्वीकार करते हुए सहीन अंसारी के घर से उड़ाए गए आभूषण अपने ही मोहल्ले के सराफा दुकानदार दानिश सिद्दीकी उर्फ छोटू पुत्र शोएब सिद्दीकी 30 वर्ष, को बेचने का खुलासा किया। उसके बयान पर आरोपी दानिश को हिरासत में लेकर सवाल-जवाब किए गए तो व्यापारी ने जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी दानिश ने खरीदे गए आभूषणों को गला दिया था, ऐसे में उसके कब्जे से 20.750 ग्राम सोना जब्त किया गया, जिसकी कीमत 1 लाख 20 हजार रुपए थी। बयान और बरामदगी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया गया।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस 7 दिसम्बर को

**पन्ना।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 7 दिसम्बर 2024 को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जायेगा। सभी सरकारी विभाग, कॉलेज एवं स्कूल सहित आम नागरिक भी व्यक्तिगत रूप से अंशदान कर सैनिकों के साथ भावनात्मक संबंध स्थापित कर सकते हैं। यह दान राशि आयकर में छूट प्रदान करती है तथा इसका उपयोग भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं, वीरांगनाओं तथा उनके आश्रितों के कल्याण में किया जाता है।

# कोदो और चने की भाजी खाने से माता-पिता समेत 3 बच्चे बीमार

**सतना।** मैहर जिले के ओईला नदी पार जीतनगर बस्ती में कोदो और चने की भाजी खाने से माता-पिता के साथ तीन बच्चे बीमार हो गए। सभी पीड़ितों को सिविल अस्पताल मैहर में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक पीड़ितों की हालत में सुधार है, जिनकी तबीयत बिगड़ी उनमें रामचंद्र दाहिया (45) उनकी पत्नी राजकुमार दाहिया (40) वर्ष के साथ इन्हीं के बच्चे अंक्रज दाहिया (6), जमुना दाहिया (12) और कृष्णा दाहिया (10) के नाम शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक रामचंद्र दाहिया 2 दिसंबर को कोदो दराकर घर लाया। पत्नी ने रात को कोदो पकाया और चने की भाजी बनाई। पांचों लोगों ने रात 8 बजे कोदो और चने की भाजी खाई। लगभग दो घंटे बाद रात 10 बजे से ही एक-एक कर सभी की तबीयत बिगडने् लगी। पीड़ितों को उल्टी, कंपकंपी, झुन्नपन्न और बेहोशी की समस्या होने लगी। एक साथ सभी की तबीयत बिगडने् पर घर के अन्य लोग घबरा गए। परिजन पीड़ितों को लेकर आनन-फानन सिविल अस्पताल मैहर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने भर्ती कर उपचार शुरू किया। डॉक्टरों ने बताया कि पति-पत्नी के साथ बच्चों की हालत स्थित है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर सीधी, शुक्रवार 06 दिसम्बर 2024



रीवा संभाग के सभी जिलों में राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। महाअभियान का जायजा लेने के लिए रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने सतना जिले का भ्रमण किया। उसी अवसर का दृष्य।



## कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

### पर्याप्त मात्रा में बारदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करायें: कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने गुढ़ अन्तर्गत विभिन्न खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा खरीदी गई मात्रा तथा स्टाल बुकिंग के अनुसार किसानों से धान खरीदी के विषय जानकारी प्राप्त की।




कलेक्टर ने वेयर हाउस रीठी, धान खरीदी केन्द्र बरहदी क्रमांक एक तथा सेवा सहकारी समिति केन्द्र गुढ़ का निरीक्षण करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीदी कार्य को गति दें तथा पर्याप्त मात्रा में केन्द्रों में बारदानों की उपलब्धता रहे। उन्होंने कहा कि खरीदी गई धान साफ हो तथा मानक अनुरूप 17 प्रतिशत नमी का पालन करें। कलेक्टर ने केन्द्रों में धान की क्वालिटी, तौल तथा भराई कार्य का अवलोकन किया तथा निर्देश दिये कि अधिक संख्या में मजदूर लगाकर खरीदी कार्य को गति दें ताकि आने वाले किसानों का धान समय से खरीदा जा सके और उन्हें अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। उन्होंने प्रति दिवस स्टाल बुकिंग के अनुसार की गई खरीदी की भी जानकारी प्राप्त की।

खरीदी केन्द्रों में कलेक्टर ने किसानों से संवाद किया। ग्राम नैकिन के कृष्णधर द्विवेदी, खजुहा के परससुख चौरसिया तथा शिवकुमार एवं बड़ागांव के अनुज तिवारी ने बताया कि वह आज ही धान लेकर आये थे उनकी धान की तौलाई हो गई है वह केन्द्र में की गई व्यवस्थाओं से संतुष्ट हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि खरीदी केन्द्रों में पानी, प्रकाश, छाया के अतिरिक्त ठण्ड से बचाव के लिये अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में छन्नों की उपलब्धता तथा सिलाई मशीनें रखे जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने राजस्व व खरीदी से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीदी केन्द्रों का भ्रमण करें तथा सुचारू खरीदी की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। उन्होंने नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी को निर्देश दिये कि खरीदी केन्द्रों में बारदानों की पर्याप्त उपलब्धता रहे। कहीं से भी बारदानों के कारण खरीदी प्रभावित न हो साथ ही खरीदी गई धान के परिवहन की भी व्यवस्था करायें। भ्रमण के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एसडीएम गुढ़ डॉ. अनुराग तिवारी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री 8 दिसम्बर को जन कल्याण उत्सव के संबंध में करेंगे वीडियो कान्फ्रेंसिंग

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 8 दिसम्बर को शाम 6 बजे से आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को जन कल्याण उत्सव के संबंध में निर्देश देंगे। जन कल्याण उत्सव प्रदेश के सभी जिले में 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर, कलेक्टर तथा अन्य संबंधित अधिकारी शामिल होंगे।

## उप मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 6 दिसम्बर को सुबह 10.20 बजे बैंगलुरू एयरपोर्ट से वायुयान से रवाना होकर दोपहर 12.45 बजे प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री प्रयागराज एयरपोर्ट से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर बाद 3.30 बजे रीवा पहुंचेंग।

## ननि द्वारा वार्डवार किया जा रहा जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन

**रीवा।** नगर निगम द्वारा नागरिकों की समस्याओं के शीघ्र समाधान एवं वार्ड विकास हेतु निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार, वार्डवार जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 05.12.2024 को नगर पालिक निगम रीवा के जोन क्र. 4 वार्ड 27 पुराना पुलिस चौकी भवन बिछिया रीवा में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में निगमायुक्त द्वारा आम जनता की माँग पर तत्काल 3 निर्माण कार्यो को स्वीकृत दी गई। शिविर में पहुँचे लोगो की माँग पर निगमायुक्त द्वारा सिंधी धर्मशाला के बगल में नाली, चौरसिया नर्सिंग होम के पास पुलिया निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई। एवं अन्य माँग पर स्वीकृती प्रदान करते हुये मौके पर मौजूद उपयंत्रियों को स्टीमेंट बनाकर प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा शिविर में आये लोगो की समस्याओं सुना एवं निराकृत किये जाने के निर्देश दिए गये। निगमायुक्त ने शिविर में तैनात कर्मचारियों से आयुष्मान कार्ड एवं अन्य मूलभूत योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिया कि शिविर में आने वाले सभी लोगो की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ किया जाय। उक्त शिविर मे 21 आयुष्मान कार्ड, 13 केवाईसी, 16 पथ विक्रेताओं के पंजीयन किये गये। साथ ही संबल योजना एवं कल्याणी, वृद्धापेंशन एवं खाद्यान्न पर्ची में नाम जोड़े जाने हेतु आवेदन प्राप्त किये गये। जल की समस्या को लेकर पहुचे लोगो की शिकायत पर निगमायुक्त द्वारा वर्तमान पेयजल लाइन को 100 मीटर और बढ़ाकर लोगो को पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शिविर के दौरान ही नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय ने पहुँचकर लोगो की समस्याओं को जाना एवं निराकृत किये जाने की बात कही। इस दौरान वार्ड 27 पार्षद श्री मनीष नामदेव, कार्यपालन यंत्री श्री एचके त्रिपाठी, उपायुक्त श्री दीपक पटेल, सहायक आयुक्त श्रीमती रूपाली द्विवेदी, सहायक यंत्री श्री संतोष पाण्डेय, स्वास्थ्य अधिकारी श्री मुरारी कुमार, राजस्व अधिकारी श्री नीलेश चतुर्वेदी एवं सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



## जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 32920 क्विटल हुई धान की खरीद

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए पंजीकृत किसानों से जिले भर में बनाये गये 80 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन 2 दिसंबर से किया जा रहा है। किसानों से एफएक्यू धान 2300 रूपये प्रति क्विटल की दर से सहकारी समितियों द्वारा खरीदी जा रही है। जिले में अब तक 629 किसानों से अब तक 32920 क्विटल धान की खरीद की गयी है। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी खाद्य पीके पाण्डेय ने बताया कि अब तक की गयी खरीदी के लिए किसानों को 7 करोड़ 16 लाख 2 हजार 222 रूपये मंजूर किये जा चुके हैं। सभी खरीदी केन्द्रों में आगामी 10 दिवस की खरीदी के लिए पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध करा दिये गये हैं। किसान अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट बुक करके खरीदी केन्द्र और खरीदी के समय का निर्धारण करके समर्थन मूल्य पर धान दे सकते हैं। खरीदी के लिए अब तक 11 हजार 416 किसानों ने स्लॉट बुक कराये हैं। किसान खरीदी केन्द्रों में सुखाकर तथा साफ करके धान लायें जिससे गुणवत्ता के कारण धान के उपार्जन में किसी तरह की परेशानी न हो।

## कलेक्टर आज करेंगी राजस्व महाभियान की समीक्षा

**रीवा।** राजस्व महाभियान का तीसरा चरण 15 नवम्बर से जारी है। अभियान 15 दिसम्बर तक चलेगा। इस अभियान में राजस्व अधिकारियों द्वारा नामांतरण, सीमांकन, बटवारा तथा नक्शा तरमीम के प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। अभियान के दौरान अभिलेखों में सुधार तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की ईकेवाईसी भी की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल अभियान की प्रगति की 6 दिसम्बर को समीक्षा बैठक लेंगी। समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में शाम 4 बजे से आयोजित की जाएगी।

## कमिश्नर ने नागौद और उचेहरा तहसीलों का किया निरीक्षण

### नामांतरण और बटवारे के बाद नक्शा तरमीम अनिवार्य रूप से कराएं : कमिश्नर

**रीवा।** रीवा संभाग के सभी जिलों में 15 नवम्बर से राजस्व महाभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कमिश्नर बीएस जामोद ने सतना जिले की नागौद और उचेहरा तहसीलों में एसडीएम कार्यालय एवं तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, नक्शा तरमीम, अभिलेखों में सुधार, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के प्रकरणों में ई केवाईसी सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों की फाइलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय आईजी एमएस सिकरवार, कलेक्टर अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, एसडीएम एपी द्विवेदी, एसडीओपी विदिता डागर तथा अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।



निरीक्षण के समय कमिश्नर ने कहा कि नामांतरण और बटवारे में आदेश पारित होने के बाद तत्काल नक्शा तरमीम कराएं। अद्यतन नक्शे प्रकरण की फाइल में संलग्न करें। बटवारे के लिए सजरा, वंशावली का पटवारी से सत्यापन अनिवार्य रूप से कराएं। नामांतरण के नवीन प्रकरणों में नक्शा तरमीम अनिवार्य रूप से करें। राजस्व प्रकरणों में कम दिनों की पेशी निर्धारित कर प्रकरण का अंतिम रूप से निराकरण करें। राजस्व प्रकरण में आवेदक और अनावेदक दोनों को प्रकरण की सूचना अनिवार्य रूप से तामील कराएं। राजस्व महाभियान में प्रत्येक गांव में बी-1 का वाचन किया जा रहा है। इसमें फौती नामांतरण के जितने भी प्रकरण दर्ज हो रहे हैं उनका 13 दिसम्बर तक अनिवार्य रूप से निराकरण करें। नक्शा तरमीम तथा किसान सम्मान निधि में ई केवाईसी करने के लिए प्रत्येक पटवारी को दैनिक लक्ष्य निर्धारित करें। इन लक्ष्यों की पूर्ति की हर सप्ताह समीक्षा करें। सभी राजस्व अधिकारी नियमित रूप से प्रकरणों की सुनवाई करें। क्षेत्र में भ्रमण के दौरान जल जीवन मिशन के कार्यों और धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण भी अनिवार्य रूप से करें। निरीक्षण के समय उपस्थित कलेक्टर ने बताया कि राजस्व महाभियान में निर्धारित किए गए लक्ष्यों के अनुसार सतना जिले में नामांतरण के 90 प्रतिशत तथा बंटवारे के 85 प्रतिशत प्रकरण निराकृत हो गए हैं। तीन दिवस में लंबित शत-प्रतिशत प्रकरण निराकृत हो जाएंगे। निरीक्षण के बाद कमिश्नर ने अधिवक्ताओं तथा आमजनों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनी।

## कमिश्नर और आईजी ने किया एसडीओपी कार्यालय का निरीक्षण



**रीवा।** राजस्व महाभियान में संभाग के विभिन्न जिलों का भ्रमण करते हुए कमिश्नर बीएस जामोद ने सतना जिले का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान कमिश्नर श्री जामोद तथा आईजी एमएस सिकरवार ने नागौद अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय कार्यालय में अभिलेखों के संधारण, अपराधों के अन्वेषण की व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था तथा जन शिकायत निवारण व्यवस्था की जानकारी ली गई। मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने कार्यालय की व्यवस्थाओं की जानकारी दी। निरीक्षण के समय कलेक्टर अनुराग वर्मा, एसडीएम एपी द्विवेदी, एसडीओपी विदिता डागर तथा अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने कोल जनजाति की विकास कार्ययोजना बनाने के दिये निर्देश

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कोल जनजाति विकास की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि जिले की सभी जनपद पंचायतों में कोल जनजाति बड़ी संख्या में निवास कर रही है। शासन के निर्देशों के अनुसार इनका ग्रामवार तथा ग्राम पंचायतवार सर्वेक्षण करके कोल बहुल बस्तियों का चिन्हांकन करें। इन बस्तियों में मूलभूत अधोसंरचना के विकास के कार्य शामिल करते हुए तीन दिवस में कार्ययोजना प्रस्तुत करें।

## मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल ने दिव्यांग की नौकरी की राह की आसान

**रीवा।** शासन के सामाजिक न्याय एवं निश्शक्तजन कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री निश्शक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत दिव्यांगों को अपनी शिक्षा बेहतर करने के लिए निश्शुल्क सहायता दी जाती है। इस सहायता का लाभ लेकर कई दिव्यांग उच्च शिक्षा और स्वरोजगार के सपने साकार कर रहे हैं। इन्हीं दिव्यांगों में शामिल रीवा जिले की सेमरिया तहसील के मौहरा ग्राम के प्रिंसू पाठक को मुख्यमंत्री निश्शक्तजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना से निश्शुल्क मोटराइज्ड तिपहहिया साइकिल मिली। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल तथा रेडक्रास समिति के चेयरमैन डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी ने दिव्यांग प्रिंसू पाठक को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान की। ट्राईसाइकिल पाकर प्रसन्न प्रिंसू पाठक ने कहा कि पैरों में दिव्यांगता के कारण मुझे आने-जाने में बहुत तकलीफ होती थी। इन्हीं कठिनाईयों के बीच मैंने बी कॉम के साथ ही पीजीडीसीए का कोर्स किया है। मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल मिल जाने से मैं अब अपनी इच्छा के अनुसार कहीं भी आसानी से आवागमन कर सकूंगा। शासन द्वारा दिव्यांगों को शासकीय सेवा में भी आरक्षण का लाभ देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। अब मेरा पहला लक्ष्य है कि इस अवसर का लाभ उठाकर मैं शासकीय सेवा में आ जाऊं। मोटराइज्ड तिपहिया साइकिल मिलने से मुझे अब आसानी से सरकारी नौकरी मिल सकेगी। शासन की दिव्यांग प्रोत्साहन योजना मेरे लिए वरदान साबित होगी।



## अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में रीवा को मिला प्रथम पुरस्कार



**रीवा।** उद्योग विभाग के तहत संचालित मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना तथा अन्य लघु उद्यमों की सफल इकाईयों से निरंतर विभिन्न वस्तुओं का उत्पादन किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर इनका विपणन होने के साथ प्रदेश और देश के प्रमुख व्यापार मेलों में भी इन वस्तुओं की बिक्री की जा रही है। दिल्ली में प्रगति मैदान में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में भी रीवा जिले के विभिन्न उद्यमों के उत्पाद रखे गए थे। व्यापार मेले में लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) इकाई के उत्पाद प्रदर्शन में मध्यप्रदेश में रीवा जिले को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल को जिला महाप्रबंधक उद्योग जेपी तिवारी ने पुरस्कार के रूप में प्राप्त ट्रॉफी कलेक्टर कार्यालय में भेंट की। कलेक्टर ने रीवा जिले के उद्यमियों एवं उद्योग विभाग को इस सफलता के लिए बधाई दी है।

## लैपटाप पाकर दिव्यांग गोरेलाल के चेहरे पर आई प्रसन्नता की मुस्कान

### लैपटाप गोरेलाल के लिए शिक्षा अध्ययन में मददगार होगा

**रीवा।** शिक्षा विकास की कुंजी है। इस बात को जितना आम व्यक्ति महसूस करता है उससे अधिक दोनों आंखों से दिव्यांग गोरेलाल ने महसूस किया। अपने शिक्षा के जज्बे को मऊगंज के ग्राम उचेहरा निवासी गोरेलाल ने ब्रोनलिपि से पढ़ाई करके पूरा किया। लगन और समर्पण से पढ़ाई करते हुए गोरेलाल ने कक्षा दसवीं और कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की। गोरेलाल वर्तमान जबलपुर में आईटीआई में कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उनके शिक्षा प्राप्त करने की राह को मुख्यमंत्री निश्शक्त शिक्षा प्रोत्साहन योजना ने आसान बना दिया है। कलेक्ट्रेट कार्यालय में दिव्यांग गोरेलाल को कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मुख्यमंत्री निश्शक्त प्रोत्साहन योजना के तहत निश्शुल्क लैपटाप प्रदान किया। लैपटाप पाकर दिव्यांग गोरेलाल बहुत खुश हुए। उन्होंने कहा कि यह लैपटाप मेरी आगे की शिक्षा के लिए मददगार होगा। उन्होंने कलेक्टर से बताया कि अब इस लैपटाप के माध्यम से मैं प्रोग्रामिंग, टायपिंग सहित कम्प्यूटर से संबंधित अन्य कार्य सीखूंगा जो मेरे आगामी भविष्य के लिए सहायक होंगे साथ ही यह लैपटाप मेरी शिक्षा अध्ययन में भी मददगार होगा। निश्शुल्क लैपटाप मिलने से गोरेलाल की तकनीकी शिक्षा की पढ़ाई पूरा करने और स्वयं का रोजगार स्थापित करने की राह आसान हुई है।




आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

- अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
- कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ

- आकस्मिक चिकित्सा इकाई
- गहन चिकित्सा
- खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र
- दवाईयाँ
- प्रसूति कक्ष
- शल्य चिकित्सा कक्ष
- शल्य कियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833